दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 22 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 329 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## 'बुद्ध के सिद्धांतों से निकलेगा युद्ध का समाधान' : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए गुरुवार को कहा कि विश्व को जारी युद्धों और अंतरराष्ट्रीय क्रम की चुनौतियों के समाधान के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने के लिए भारत ने हमेशा से बातचीत का रास्ता अपनाया है और इसकी वकालत भी करता है। बुद्ध के शांति सिद्धांत को अपनाएं लाओस दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक और (एडीएमएम प्लस) में चीन के डोंग जून समेत अपने समकक्षों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व का तेजी से विभिन्न क्षेत्रों और खेमों में ध्रुवीकरण हो रहा है। इससे स्थापित वर्ल्ड आर्डर में तनाव पैदा हो रहा है।

# संजीव शर्मा की जीत को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने किये बड़े दावे

## किसी ने कहा 50 हजार तो किसी ने कहा 60 हजार से होगी जीत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा की जीत को लेकर सबसे पहले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दावा किया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा एक लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों और सरकार के मंत्रियों से भाजपा की जीत को लेकर उनकी राय जानी। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने मार्जिन को लेकर आंकड़ा अलग अलग बताया लेकिन कहा कि यहां भाजपा एक बड़े अंतराल से चुनाव जीतने जा रही है।

### एक लाख वोटों से जीतेगी भाजपा, ऐसा है मेरा विश्वास: अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और वो शहर सीट के भूगोल, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान को बेहतर जानते हैं। यहां से वो लगातार दो बार चुनाव जीते हैं। अतुल गर्ग ने कम मतदान के बावजूद भी ये दावा कि यहां भाजपा एक लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतेगी। अतुल गर्ग ने कहा कि यहां पर लोगों ने प्रधानमंत्री को समर्थन दिया है, यहां लोगों ने सीएम को समर्थन दिया है। पीएम मोदी के नाम पर जनता ने वोट किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत का बहुत ही सकारात्मक परिणाम आएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर भाजपा का कमल खिल जाएगा।

### आंकड़ा नहीं बताऊंगा लेकिन यूपी में नंबर 1 मार्जिन से जीतेगी भाजपा: सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शहर सीट से उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा की जीत का दावा किया। पूरे देश में सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दावा किया शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा को बड़ा जनादेश मिलने जा रहे है। कितने वोटों से जीत होगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस आंकड़े पर नहीं बोलूंगा लेकिन जब ईवीएम खुलेगी तो यहां भाजपा सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी में उपचुनाव में भाजपा को सबसे बड़ी जीत गाजियाबाद में मिलने जा रही है। यहां जीत का मार्जिन उत्तर प्रदेश में नंबर वन होगा।

### मेरा है अनुमान भाजपा जीतेगी 75 हजार के करीब वोटों से: नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मेरा अनुमान है कि भाजपा यहा 75 हजार वोटों से लीड लेगी। उन्होंने अपने तर्क के साथ राजनीति के मनोविज्ञान को समझाया। उन्होंने कहा कि इस दावे के पीछे समूह रूचि का तर्क है। यहां ब्राह्मण समाज अब भाजपा का बेस वोटर हैं और संजीव शर्मा को लेकर उनमें उत्साह है। वैश्य समाज का वोट मिला है। पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्ग का वोट भाजपा को मिला है। भाजपा ने दलित वोटों में भी सेंध लगाई है और यहां पर सपा-बसपा का कैडर वोट डिवाइड हो गया है। मुस्लिम समाज ने अधमने मन से वोट किया है। ऐसे में यहां भाजपा को एक बड़ी जीत मिलने जा रही है। मेरा तो ये कहना है कि आधे में भाजपा है और आधे में पूरा विपक्ष होगा। यहां वोटर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों को पसंद किया है। यहां सियासी समीकरण कैडर जाति और समुदाय के बीच भी विभाजित हुआ है। इसका लाभ भाजपा को मिला है।

### अगर मतदान प्रतिशत बढ़ता तो यहां जीत का अंतर भी बढ़ता: अशु वर्मा



**करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि अगर शहर सीट पर मतदान प्रतिशत बढ़ता तो जीत का अंतराल बढ़ता। पूर्व मेयर अशु वर्मा गाजियाबाद शहर सीट के चुनाव संयोजक भी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा की जीत 60 हजार वोटों से होगी। उन्होंने मतदान प्रतिशत कम होने के लिये प्रशासन को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन औद्योगिक क्षेत्र खुला था, नोएडा खुला हुआ था अगर पूरी तरह अवकाश रखा जाता तो जनता अधिक रिलेक्श होती और मतदान करतीं लेकिन प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। अशु वर्मा ने कहा कि जीत का आंकड़ा बड़ा होता लेकिन भाजपा यहां चुनाव जीत रही है और यहां संजीव शर्मा 60 हजार से भी ज्यादा वोटों से जीत हासिल करेंगे।

### 25 प्रतिशत वोट में सिमटेगा पूरा विपक्ष और 75 प्रतिशत वोट मिलेगा भाजपा को: सुनीता दयाल



**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने दावा किया कि यहां भाजपा को कुल पड़े वोटों का 75 प्रतिशत वोट मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष 25 प्रतिशत वोटों में सिमट जाएगा। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि ये जीत भाजपा कार्यकताओं की मेहनत की जीत है। यह जीत जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों के प्रति विश्वास है।

### विधायक अजीतपाल त्यागी बोले- जीतेगी भाजपा, जीतेगा राष्ट्रवाद



**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने शहर सीट पर बंपर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा 50 से 55 हजार वोटों के अंतराल से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने जीत का आधार बताते हुए कहा कि यह चुनाव राष्ट्रवाद के मुद्दो पर लड़ा गया है। गाजियाबाद की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में अपना भरोसा जताया है। मतदाताओं ने पीएम मोदी और सीएम योगी के नाम पर वोट दिये हैं। उन्होंने कहा कि देश का एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की नीतियों में विश्वास जता रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा ने मिलकर यहां चुनाव लड़ा है। एक-एक कार्यकर्ता ने मेहनत की है और जनता ने भाजपा को एक बड़ा जनादेश दिया है।

### जीत का आंकड़ा 60 हजार प्लस हो सकता है लेकिन 49 से नहीं होगा कम : दिनेश गोयल



**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा 50 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि भाजपा की ये जीत मोदी- योगी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा कर रही है। देश की जनता उत्तर प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। जनता ने पीएम मोदी और सीएम योगी के नाम पर वोट दिया है। उन्होंने दावा किया कि वह 50 हजार से ऊपर की बात कह रहे हैं और ये आंकड़ा 60 हजार को तो पार कर सकता है लेकिन 49 से नीचे नहीं आएगा। आप देख लेना जीत का ये मार्जिन 50 हजार को पार करेगा।

### अनिल अग्रवाल ने किया दावा और कहा- ये है एक्जेक्ट पॉल



**करंट क्राइम।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने दावा किया कि यहां भाजपा के संजीव शर्मा 50 हजार से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को यहां कुल पड़े वोटों का 65 से 70 प्रतिशत वोट मिला है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी। जब अनिल अग्रवाल से कहा गया कि दावे तो एग्जिट पॉल में भी फेल हुए थे तो इस पर अनिल अग्रवाल ने कहा कि मेरा दावा एग्जिट पॉल नहीं है मैं एक्जेक्ट पॉल बता रहा हूं। उन्होंने कहा कि ये देश की जनता का, प्रदेश की जनता का और गाजियाबाद की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आगाध विश्वास है। ये सीएम के प्रति प्रदेश के लोगों की निष्ठा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने अपना वोट भाजपा को दिया है और नतीजा आने पर आप देखेंगे कि मेरा दावा सही साबित हुआ है।

# विपक्ष भी कर रहा है मजबूती से उपचुनाव में जीत का दावा

## पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा भी सपा प्रत्याशी को बता रहे हैं विनिंग कैंडिडेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में 20 नवंबर को मतदान हुआ। मतदान का प्रतिशत गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट पर उपचुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में सबसे कम 33.30 दर्ज किया गया है। इसके बावजूद विपक्ष वाले सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं। गुरुवार को दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से बातचीत की जो अपने-अपने तर्क के आधार पर सपा प्रत्याशी सिंहराज जाटव की जीत की बात कह रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रहे अमरपाल शर्मा ने भी उत्तर प्रदेश के चुनाव और गाजियाबाद में सपा की जीत का दावा किया है।

## गठबंधन वाले दे रहे हैं पीडीए की दुहाई

### पीडीए रहेगा सपा-कांग्रेस की जीत का आधार : फैसल खान



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल खान ने करंट क्राइम से बातचीत करते हुए कहा है कि वह जीत के प्रति पूरी तरीके से आश्वस्त हैं। जनता ने पीडीए के फैसले का स्वागत करते हुए गठबंधन के प्रत्याशी को वोट दिया है और कई इलाकों में समाजवादी पार्टी के नाम पर ही वोट पड़ा है। उन्होंने कहा है कि यही गठबंधन प्रत्याशी की जीत का आधार बनेगा। उन्होंने कम वोटिंग परसेंटेज को भी भारतीय जनता पार्टी के लिए खतरा बताया है।

### लाइनपार और शहर की वोटिंग परसेंटेज बढ़ाएगी जीत का मार्जिन : वीरेंद्र यादव



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि विधानसभा उपचुनाव में लाइन पार क्षेत्र में अच्छी वोटिंग हुई है। तो वहीं शहरी क्षेत्र में भी सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी को लोगों ने वोट देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा जिस तरीके से पीडीए की तर्ज पर चुनाव लड़ा है, उसे यहां का विनिंग मार्जिन बढ़ेगा, ऐसी उनको उम्मीद है।

### प्रत्याशी मजबूती से लड़े चुनाव, अच्छा रहेगा जीत का मार्जिन : अभिषेक गर्ग



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग का कहना है कि गठबंधन प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़े हैं। उनके लिए चुनाव अच्छा रहेगा, साथ ही जीत का जो मार्जिन है, वह भी बड़े अंतराल वाला होगा। कम मतदान होना कहीं ना कहीं सत्ता दल के लिए परेशानी की बात है।

### गठबंधन प्रत्याशी की होगी 10 से 15 हजार मतों से जीत : विजय चौधरी



**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि विधानसभा शहर सीट के उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की 10 से 15 हजार मतों से विजय होगी। उन्होंने कहा है कि यहां भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच जीत का अच्छा खासा मार्जिन रहेगा। लोगों ने भाजपा को नकारते हुए गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है। बाकी परिणाम तो ईवीएम मशीनों के खुलने के बाद ही सामने आएगा।

### समाजवादी पार्टी की होगी जीत, चुनाव की लड़ाई रही मजबूत : अमरपाल शर्मा



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी नेता और पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी ने प्रमुखता के साथ चुनाव लड़ा है। उन्हें उम्मीद है कि गाजियाबाद सहित अन्य जिलों और सीटों पर समाजवादी पार्टी गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगी और जीत भी हासिल करने का काम होगा। उन्होंने हार जीत कितने मतों से होगी इसका जवाब नहीं दिया।

## बढ़ते प्रदूषण के चलते बदला गया गाजियाबाद में सरकारी कार्यालयों का समय

### अब 10:30 बजे से 5:30 तक रहेगी ड्यूटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए गाजियाबाद के जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सरकारी दफ्तरों के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। यह शुक्रवार से लागू होगा। इस नए आदेश के तहत गाजियाबाद में राज्य सरकार के सभी दफ्तर सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 तक खुलेंगे, जबकि स्थानीय निकाय जैसे नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के दफ्तर सुबह 9:30 से शाम 4:30 बजे तक खोले जाएंगे। वहीं फील्ड से जुड़े कर्मचारियों पर समय की बाध्यता नहीं रहेगी। बता दें कि बीते दिनों दिल्ली में भी इसी तरीके का आदेश लागू किया गया था। अधिकारियों का तर्क है कि इससे वायु प्रदूषण कम होगा। तो अधिकारियों का मानना है कि ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए समय वाला यह बदलाव किया गया है।

### आदेश आज से होगा लागू

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन कार्यालय अब 10:30 से 5:30 तक खुलेंगे जबकि नगर निगम और सभी नगर पालिकाओं के अधीन कार्यालय 9:30 से 4:30 बजे तक खोले जाएंगे। बता दें की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए पहले दिल्ली और अब नोएडा-गाजियाबाद में सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। इस बारे में गुरुवार को गाजियाबाद के जिलाधिकारी द्वारा सरकारी दफ्तरों के समय परिवर्तन संबंधी आदेश जारी करते हुए वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार की अपेक्षा की जा रही है।

## महाकवि कृष्ण मित्र की पुण्यतिथि पर 24 नवंबर को होगा भव्य कवि सम्मेलन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाकवि कृष्ण मित्र की द्वितीय पुण्य तिथि 24 नवम्बर 2024 को उनकी याद में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें मुख्य रूप से सुरेन्द्र शर्मा, डा० विष्णु सक्सेना, विनीत चौहान, प्रवीण शुक्ल, डा० अर्जुन सिशोदिया, अनिल अग्रवंशी, राम भदावर, सुदीप भोला, मोहित शौर्य, श्वेता सिंह, प्रियंका राय आदि कई वरिष्ठ कवि उपस्थित रहेंगे तथा मंच का संचालन प्रवीण शुक्त करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूथ आइकन नीरज सिंह उपस्थित रहेंगे और के० सी० त्यागी भी उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल, गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व सांसद डॉ० अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वार त्यागी करेंगे व स्वागताध्यक्ष के० पी० गुप्ता होंगे। उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा हैं।

कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, अशोक चौधरी, इकबाल सिंह सोढ़ी, अध्यक्ष एवं मुख्य ट्रस्टी पी० एन० अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु लव, जगदीश साधना, हरवंश लाल पंजाबी, मलकीत सिंह जस्सर, उपाध्यक्ष अजय कालरा, राकेश बाठला, विभूति संगल, महासचिव वेदप्रकाश गर्ग, मनु वशिष्ठ सचिव वागीश शर्मा, आंचल लव, सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू कोषाध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ, दिलीप कुमार प्रचार सचिव मनोज गुप्ता व विवेक पंडित व कानूनी सलाहकार सत्यकेतु सिंह व संस्था के समस्त पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहेगा।

# अधिवक्ताओं के आंदोलन को देने के लिए धार, 13 वरिष्ठ अधिवक्ताओं की समन्वय समिति तैयार

## जो खोलेगा चैंबर, लगेगा 5000 का फाइन, टाइपिस्ट पर लगेगा दो हजार का जुर्माना

### आज भी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 29 अक्टूबर से गाजियाबाद कोर्ट में लगातार हड़ताल चल रही है और हड़ताल की रूपरेखा को आगे बढ़ाने के लिए अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने अपने 13 वरिष्ठ सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई है। यह समिति अनिश्चितकालीन आंदोलन और हड़ताल की रूपरेखा तय करेगी। इसके साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने तय किया है कि चैंबर खुला पाए जाने पर 5000 का जुमार्ना लगाया जाएगा और टाइपिस्ट बैठे मिलने पर 2000 रुपये का फाइन होगा। शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पूर्व सचिव आंदोलन की कमान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संभालने का काम करेंगे। वहीं गुरुवार की तरह शुक्रवार को भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रहेगी। अधिवक्ताओं ने दिनांक 22 नवंबर को कलम बंद हड़ताल कर पूर्ण न्यायिक कार्य से विरत रहने का ऐलान किया है।





### पूर्व बार अध्यक्ष से लेकर पूर्व डीजीसी को किया शामिल

**करंट क्राइम।** अधिवक्ताओं ने अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन और हड़ताल को ठीक प्रकार से चलाने के लिए समन्वय समिति का गठन किया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि समन्वय समिति में पूर्व बार अध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, विजय पाल सिंह राठी, राकेश त्यागी काकड़ा, अनिल पंडित, मुनीष कुमार त्यागी को जगह दी गई है। तो उसके साथ ही पूर्व सचिव के रूप में अतुल्य शर्मा, विजय पाल सिंह यादव, विनोद कुमार वर्मा, नरेश चौधरी, सुंदर त्यागी, परमिंदर नागर वरिष्ठ अधिवक्ता औरंगजेब खान व पूर्व डीजीसी जयवीर सिंह को शामिल करते हुए आंदोलन की रूपरेखा का निर्वाहन करेंगे।

### आज पूर्व सचिव संभालेंगे आंदोलन की कमान

**करंट क्राइम।** 22 नवंबर शुक्रवार को पूर्व सचिव जिसमें राजेंद्र चौधरी, स्नेह कुमार त्यागी, ठाकुर देवराज सिंह, मनमोहन शर्मा, अतुल्य शर्मा, नरेश चौधरी, नितिन यादव, विजयपाल यादव, मुकेश त्यागी सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। साथ ही अन्य अधिवक्ता जिला जज को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे।

# लोकसभा में क्लीन स्वीप करने के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में डटी बीजेपी, नए चेहरों पर पार्टी लगा सकती है दांव

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में जबरदस्त सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी नए चेहरों पर दांव लगाने जा रही है। आम चुनाव में जहां पार्टी ने 6 सांसदों का टिकट काट दिया था, तो वहीं विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार मात खा रहे प्रत्याशियों को भी दरकिनार करने के मूड में दिख रही है। दिल्ली के सत्ता से ढाई दशक से भी ज्यादा समय से दूर बीजेपी राजधानी के बदले हुए जातीय समीकरणों के आधार पर अपने टिकट तय करेगी। इसके लिए बीजेपी ने सर्वे के आधार पर तैयारी शुरू कर दी है।




### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस के हाथों 1998 में दूर हुई बीजेपी को पहले डेढ़ दशक कांग्रेस ने, तो उसके बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सत्ता से दूर रखा है और दिल्ली नगर निगम की सत्ता भी बीजेपी को आप के हाथों गंवानी पड़ी थी। इसलिए इस बार दिल्ली जीतने के लिए पार्टी समय रहते ही चुनावी रणनीति बनाने में जुट गई है। पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो बीजेपी इस बार के चुनावी दंगल में बड़ी संख्या में नए प्रत्याशियों पर दांव लगाएगी।

कुछ विधानसभा चुनावों से लगातार हार रहे नेताओं को इस बार चुनावी मैदान से बाहर कर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। तो वहीं कुछ पुराने दिग्गजों को भी चुनावी रण में उतारा जा सकता है। बीजेपी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी में प्रदेश चुनाव समिति और घोषणापत्र समिति का ऐलान कर दिया है। दिल्ली के सभी प्रमुख नेताओं को इसमें रखने का प्रयास किया गया है।

### राजधानी की कई सीटों पर बदले जातीय समीकरण

भाजपा दूसरे दलों के बड़े नेताओं पर भी नजर रख रही है। ऐसी सीटें जहां बीजेपी की स्थिति कमजोर है, वहां बाहरी प्रत्याशियों पर दांव लगाया जा सकता है। विधानसभा चुनाव के लिए हुए सर्वे में कई सीटों पर जातीय समीकरण बदले हुए नजर आए हैं। जिसके आधार पर बीजेपी चुनावी रणनीति बना रही है और उसी आधार पर प्रत्याशियों के टिकट भी तय किये जायेंगे। वहीं, दूसरी तरफ पीएम मोदी भी राजनीति में नए चेहरों के हिमायती रहे हैं, ऐसे में दिल्ली विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिल सकता है।

### बीजेपी में तीन 'आप' के विधायक शामिल

विधानसभा चुनाव की तारीख तय होने से पहले ही दिल्ली में सभी पार्टी प्रचार प्रसार के साथ जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू कर दी है। कई पुराने और दिग्गज कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो कई आम आदमी पार्टी के विधायक और नेता अपनी पार्टी को छोड़ इखढ का दामन थामने में जुटे हुए हैं। अब तक बड़े नामों में आम आदमी पार्टी के विधायक और मंत्री रह चुके कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद और छत्तरपुर विधानसभा से करतार सिंह तंवर ने अपनी पार्टी का दामन छोड़ मोदी जी के आदर्श पर चलने की ठानी है। अब देखना होगा कि आखिरकार चुनाव की तारीख तय होने तक और कितने नेता भाजपा में शामिल होते हैं और क्या भाजपा इन नेताओं के बलबूते दिल्ली की सत्ता पाने में सफल होती है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 मनाया 'स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मेसी के बारे में सोचें' रही थीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने 17 से 23 नवंबर, 2024 तक राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का आयोजन किया।

इस वर्ष की थीम 'स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मेसी के बारे में सोचें' के तहत, विश्वविद्यालय ने फार्मेसी के क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई शैक्षिक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया। इस अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सम्मानित चांसलर महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार, प्रो वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव और निदेशक प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा ने फामेर्सी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय ने अपने समर्पित और अनुभवी संकाय सदस्यों प्रो. (डॉ.) बबीता अग्रवाल, डॉ. जसप्रीत कौर, सुश्री प्रियंका, सुश्री नेहा रावत, सुश्री पलक हिंदवाल और सुश्री गौरी गोयल का धन्यवाद भी किया, जिनके मार्गदर्शन में यह सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया गया।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली-एनसीआर में पॉल्यूशन का कहर डॉ. बीपी त्यागी देंगे गरीब मरिजों को फ्री नाक, कान व गले का इलाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पॉल्यूशन को लेकर डॉ. बीपी त्यागी ने कहा कि एनसीआर में पॉल्यूशन ने तोड़े सारे रिकॉर्ड। डॉ. बीपी त्यागी ने सभी नागरिकों के लिए यह सलाह दी है कि सभी लोग मास्क पहन के बाहर निकलें। मास्क कपड़े का होना चाहिए। गिला करके पहनें तो बहुत अच्छा है। एक दिन में और हरी सब्जियां खूब खाएं जो एंटीऑक्सीडेंट का काम करती है और अच्छा तो यह है कि बिना काम के बाहर न जाएं। हो सके तो घर के अंदर ही रहें और ऐसे प्लांट लगाएं जो हवा को साफ करते रहें। हम अपने अस्पताल में हर तरह की सुविधा देंगे। डॉ. बीपी त्यागी ने कहा कि हम अपने अस्पताल में गरीब मरीजों को फ्री नाक, कान व गले का इलाज उपलब्ध कराएंगे।

### चंद्र भूषण कुमार बने अंडमान और निकोबार के मुख्य सचिव

**ओडिशा।** ओडिशा के बोलांगीर जिले में 20 वर्षीय एक आदिवासी महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। उसके मुंह में जबरन मानव मल डाल दिया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना 16 नवंबर को बंगामुंडा थाना क्षेत्र के जुराबांधा गांव में हुई। एक गैर-आदिवासी व्यक्ति, महिला की कृषि भूमि पर ट्रैक्टर चला रहा था, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जबरन उसके मुंह में मानव मल डाल दिया। आरोप है कि जब उसकी चाची उसे बचाने गई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### ओडिशा में निर्दलीय विधायक हिमांशु शेखर साहू पर हमला

**ओडिशा।** ओडिशा के जाजपुर जिले में बुधवार शाम को बदमाशों ने निर्दलीय विधायक हिमांशु शेखर साहू पर हमला कर दिया। धर्मशाला से विधायक शेखर ने आरोप लगाया कि हमला बुड्ढा नदी पुल के पास हुआ। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। हालांकि, जाजपुर के एसपी यशप्रताप श्रीमाल ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों और विधायक पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि वह डीएम कार्यालय में एक जरूरी आधिकारिक बैठक में भाग लेने के लिए जाजपुर टाउन जा रहे थे। जब वह बुड्ढा नदी पुल के पास पहुंचे, तो स्थानीय लोगों द्वारा सड़क की नाकाबंदी के कारण उनका वाहन फंस गया। इस दौरान घातक हथियारों लैस कुछ अज्ञात बदमाश गाड़ी के पास पहुंचे और तोड़फोड़ की। विधायक ने कहा कि बदमाशों ने मुझ पर और मेरे निजी सुरक्षा अधिकारी पर भी हमला किया। साथ ही मेरे गले से सोने की चेन छीन ली।

### ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़

**ओडिशा।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के पास जिनेलिगुडा जंगल में सुरक्षा बलों और लाल विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ के दौरान एक माओवादी मारा गया और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार रात को गोलीबारी हुई, जब पुलिस कर्मियों ने मलकानगिरी जिले के जंगल के माध्यम से ओडिशा में माओवादियों के प्रवेश को रोकने के लिए एक अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान दो माओवादियों को गिरफ्तार भी किया गया।

### तेलंगाना की दो दिवसीय यात्रा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार से तेलंगाना की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगी। मुर्मू 21 नवंबर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम-2024 में शिरकत करेंगी। इसके बाद 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन-2024 का उद्घाटन करेंगी। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सांस्कृतिक महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्राचीन ज्ञान का उत्सव है। कार्यक्रम का आयोजन प्रज्ञा प्रवाह (नई दिल्ली) और प्रज्ञा भारती (तेलंगाना) की ओर से किया जा रहा है।

26 को संविधान दिवस पर लोकसभा व राज्यसभा की नहीं होगी कार्यवाही

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 26 नवंबर को संविधान दिवस के मद्देनजर दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं होगी। संसदीय कार्य मामलों के मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सत्र से पहले संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू 24 नवंबर को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक करेंगे।

### नासिक में बस-ट्रक की टक्कर; दो लोगों की मौत, 18 घायल

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में बुधवार सुबह एक ट्रक और राज्य पथ परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत और 18 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य पथ परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस मनमाड से अहिल्यानगर जिले में शिरडी जा रही थी, तभी सुबह करीब पांच बजकर 50 मिनट पर अंकाई शिवर इलाके में उसके और एक ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। ट्रक येओला से मनमाड जा रहा था। इस हादसे में बस चालक मोथाभाऊ गांगुरडे और ट्रक चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक की पहचान नहीं हो सकी है।

### सिप्ला ने जेनेरिक दवाओं के 1,875 डिब्बे अमेरिका से वापस मंगवाए

**नई दिल्ली।** दिग्गज दवा निमार्ता कंपनी सिप्ला ने टूटी हुई टैबलेट की शिकायत मिलने के बाद अमेरिकी बाजार से जेनेरिक दवाओं के 1,875 डिब्बे वापस मंगवाए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने यह जानकारी दी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) के अनुसार, अमेरिका स्थित सिप्ला की प्रतिनिधि कंपनी ने लैंथेनम कार्बोनेट टैबलेट (1000 एमजी) के 1,875 डिब्बों को अमेरिकी बाजार से वापस ले लिया है। यह दवा रक्त में उच्च फॉस्फेट स्तर को नियंत्रित करने के लिए उपचार में प्रयुक्त होती है। न्यूजर्सी स्थित सिप्ला यूएसए ने टैबलेट के टूटे होने या चूर्ण बन जाने के कारण प्रभावित लॉट को बाजार से वापस लिया गया है। कंपनी ने इस साल 23 अक्तूबर से अमेरिकी बाजार से दवा (क्लास 2) को वापस लेना शुरू किया था। यूएसएफडीए के मुताबिक, क्लास 2 संवेदनशील उत्पाद को उस स्थिति में वापस लिया जाता है, जब उसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर उल्टा असर होने का खतरा होता है। बता दें कि भारत जेनेरिक दवाओं का दुनियाभर में सबसे बड़ा (20 फीसदी) आपूर्तिकर्ता है। 200 से ज्यादा देशों को 60,000 विभिन्न जेनेरिक ब्रांड की दवा की आपूर्ति अकेले भारत से की जाती है।

### बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत गिरफ्तार, रिहा

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को कृष्णानगर क्षेत्र, नदिया जिले में एहतियातन गिरफ्तार किया। वह मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित बेलडांगा में स्थिति का जायजा लेने जा रहे थे। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। मजूमदार की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। मजूमदार ने कहा, मैं बेलडांगा की स्थिति का जायजा लेने जा रहा था। पुलिस ने मुझे और हमारे कार्यकताओं को वहां जाने से रोका। शनिवार रात को बेलडांगा में दो समुदायों के बीच कार्तिक पूजा के लिए बनाए गए एक अस्थायी गेट पर एक डिस्प्ले बोर्ड पर आपत्तिजनक संदेश को लेकर विवाद हो गया था। झड़पों में करीब 17 लोग घायल हो गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

# बिहार में बिछेगा सड़कों का जाल नितिन गडकरी बोले- 2029 तक होंगे अमेरिका जैसे हाई-वे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को दावा किया कि 2029 तक, जब भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए केंद्र में सत्ता में 15 साल पूरे करेगा, बिहार का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क संयुक्त राज्य अमेरिका के नेटवर्क को टक्कर देगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने बोधगया में लगातार कार्यक्रमों में बोलते हुए यह बयान दिया। मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क संरचना में तेजी से प्रगति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं कि मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के बाद, जब हम सत्ता में 15 साल पूरे करेंगे, तो बिहार का नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य के सड़क नेटवर्क में काफी सुधार देखा गया है। उन्होंने कहा, बिहार के सड़क नेटवर्क में



पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त सुधार देखा गया है और एनडीए सरकार आगे विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। उन्होंने 3,700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने जोर दिया कि बिहार और भारत की सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बोधगया, आज नई परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के साथ त्वरित विकास के लिए तैयार है।

गडकरी ने एक्स पर लिखा कि आज लोकार्पित हुए हसनपुर से बख्तियारपुर मार्ग चौड़ीकरण से नालंदा और पटना जिलों को लाभ होगा। साथ ही यह मार्ग झारखंड राज्य से बिहार को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह परियोजना यातायात और माल ढुलाई को आसान करेगी और व्यापार तथा उद्योगों को भी प्रोत्साहित करेगी। इन सभी परियोजनाओं का लाभ क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। बोधगया और राजगीर जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बेहतर कनेक्टिविटी से जुड़ जाएंगे।

इस कार्यक्रम के दौरान आज अन्य नई परियोजनाओं की घोषणा की गई। 5100 करोड़ रुपए की लागत से 90 किमी लंबाई के मोकामा से मुंगेर मार्ग का चौड़ीकरण जो धार्मिक स्थल अशोकधाम और बड़हिया स्पर की घोषणा की। पश्चिम चंपारण में बेतिया के पास 2500 करोड़ रुपए की लागत से गंडक नदी पर 11 किमी 4-लेन ब्रीज तथा 19 किमी एप्रोच रोड की घोषणा की। बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 1250 करोड़ रुपए की लागत से 11 रेल ओवर ब्रिज और 9 शहरों में आरओबी की घोषणा की।

पटना को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर 1000 करोड़ रुपए की लागत से 9 किमी लंबाई के अनिसाबाद से एम्स एलिवेटेड रोड की घोषणा की। बोधगया से डोभी तक 140 करोड़ रुपए की लागत से 30 किमी सर्विस रोड की घोषणा की। रामनगर से कच्ची दर्गाह तक 1113 करोड़ की लागत से 14 किमी 6-लेन ग्रीनफील्ड रोड की घोषणा की। अमस-दरभंगा कॉरिडोर को पटना रिंग रोड से जोड़ा जाएगा। पटना से ओरहिया मार्ग की घोषणा की।

# गाजियाबाद पुलिस और अधिकारियों पर रौब जमाने वाला फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

## सीपी से डीसीपी तक से फोन पर की थी बात, हुआ खुलासा तो सब हैरान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने दो शातिर ठग गिरफ्तार किए हैं। इनमें से एक खुद को रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में गृह मंत्रालय में सलाहकार बताकर अधिकारियों का धमकाता था और उन पर मामलों को रफा- दफा कराने या फिर लाईसेंस आदि जारी कराने के अनैतिक दवाब डाला था। इस कथित रिटायर्ड आईपीएस ने गाजियाबाद पुलिस के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास किया। पुलिस ने नटवरलाल और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सीपी और डीसीपी के पीआरओ को धमकाया था

एडीसीपी ने दिनेश कुमार पी. ने बताया कि इस कथित रिटायर्ड आईपीएस का नाम अनिल कटियाल है। जिसे दिल्ली के ग्रेटर कैलाश स्थित आवास से और उसके साथी विनोद कपूर को गुड़गांव में डीएलएफ स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया है। विनोद कपूर के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज है। उसी मामले में अनिल कटियाल ने गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों पर दवाब बनाने का प्रयास किया था।

### बोला, जिंदगी भर चक्की पिसवाऊंगा

एडीसीपी ने बताया कि 68 वर्षीय अनिल कटियाल ने 14 नवंबर को डीसीपी (ट्रांस हिंडन) के पीआरओ एसआई नीरज राठौर और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में तैनात एसआई केके शर्मा पर कॉल करके धमकी दी कि मेरी बात नहीं सुनोगे तो जिंदगी भर जेल में चक्की पिसवा दूंगा। मुकदमा दर्ज कराकर आजीवन कारावास की सजा करा दूंगा। इतना ही नहीं इंदिरापुरम में विनोद कपूर के खिलाफ दर्ज मामले के विवेचक को भी धमकी दी गई।

### दिल्ली और गुरुग्राम में भी ऐसे कारनामें करने के साक्ष्य

एडीसीपी ने बताया कि दोनों के खिलाफ दिल्ली और गुरुग्राम में भी अधिकारियों पर दवाब बनाकर दलाली करते हुए आर्थिक लाभ कमाने के साक्ष्य मिले हैं। आरोप है कि अनिल कटियाल खुद 1979 बैच का रिटायर्ड आईपीएस (मणिपुर कैडर) अधिकारी बताते हुए गृह मंत्रालय में सलाहार होने का दावा करता था। गाजियाबाद में अधिकारियों से मुलाकात के दौरान भी उसने अपना यही परिचय दिया था।

### पीआरओ ने शातिर को नामजद कराया था

एडीसीपी दिनेश कुमार पी. ने बताया कि बुधवार को एसआई नीरज राठौर की ओर से साहिबाबाद थाने में अनिल कटियाल और विनोद कपूर के खिलाफ गलत पहचान बताते हुए अधिकारियों पर दवाब बनाने सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोगों से धोखाधड़ी कर अवैध वसूली करने और पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर आजीवन कारावास कराने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिकी समकक्ष से मिले, जेट इंजन पर बढ़ेगी बात

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष लॉयड जे ऑस्टिन ने लाओस के वियनतियाने में मुलाकात की और परिचालन समन्वय, सूचना-साझाकरण और औद्योगिक सहयोग और नवाचार में वृद्धि पर जोर देते हुए भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में प्रभावशाली प्रगति की सराहना की। रक्षा मंत्रालय ने न्यू में जारी एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप के तहत की गई उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी, जिसमें जेट इंजन, युद्ध सामग्री और ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम के लिए प्राथमिकता वाले सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए चल रहा सहयोग शामिल है। सिंह और ऑस्टिन ने 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस से इतर बातचीत की। पिछले साल अपनाया गया रोडमैप, हवाई युद्ध और भूमि गतिशीलता प्रणाली, खुफिया, निगरानी और टोही, युद्ध सामग्री और पानी के नीचे के क्षेत्र सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से प्रौद्योगिकी सहयोग और सह-उत्पादन करना चाहता है। दोनों नेताओं ने



आखिरी बार अगस्त में अमेरिका में मुलाकात की थी और द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए व्यापक बातचीत की थी। इस बातचीत में रक्षा सहयोग, औद्योगिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा, भारत-प्रशांत क्षेत्र और अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला गया था। भारत और अमेरिका ने तब रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए अप्रत्याशित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को हल करने के लिए रक्षा वस्तुओं और सेवाओं की पारस्परिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा (एसओएसए) आपसी हित के मामलों पर सहयोग, समझ, अंतरसंचालनीयता और जानकारी साझा करने को बढ़ाने के लिए संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

# इसरो और ऑस्ट्रेलियाई एजेंसी में समझौता, अंतरिक्ष में मानव को ले जाना व वापस लाना है मिशन

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया कि उसने दो अंतरिक्ष गतिविधियों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) के साथ एक कार्यान्वयन समझौते (आईए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता देश के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान मिशन के लिए दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच चालक दल और चालक दल मॉड्यूल से जुड़े सहयोग को सक्षम बनाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 20 नवंबर को बेंगलुरू में इसरो की ओर से मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एचएसएफसी) के निदेशक डीके सिंह और कैनबरा में एएसए की ओर से अंतरिक्ष क्षमता शाखा के महाप्रबंधक जेरोड पॉवेल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) कार्यक्रम की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य तीन चालक



दल के सदस्यों के साथ तीन दिनों तक निचली पृथ्वी की कक्षा में उड़ान भरना और मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसरो ने कहा कि इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम काम करेंगे। इस समझौते के जरिए चालक दल के मॉड्यूल को पृथ्वी पर वापस उतारने के लिए सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसरो की ओर से कहा गया है क भारत और ऑस्ट्रेलिया स्थायी रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। दोनों ही एजेंसियां वर्तमान और भविष्य की सहयोग गतिविधियों का पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बिहार के आश्रय गृह में मौत का मामला

## एनएचआरसी ने नीतीश सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार के पटना के पटेल नगर इलाके में एक आश्रय गृह में खाद्य विषाक्तता की घटना की मीडिया रिपोर्टों के जवाब में स्वतः संज्ञान शुरू किया है। 7-11 नवंबर, 2024 के बीच हुई इस घटना ने मानसिक स्वास्थ्य और बेघर महिलाओं की सुविधा में 13 महिला कैदियों को प्रभावित किया। दुखद रूप से, तीन महिलाओं की जान चली गई, जबकि अन्य में रात का खाना खाने के बाद उल्टी और दस्त जैसे लक्षण विकसित हुए।



प्रभावित लोगों को जल्द ही इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) में स्थानांतरित कर दिया गया। घटना के मद्देनजर बिहार सरकार के विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा वित्त पोषित आवास अब कथित तौर पर जांच के दायरे में है। एनएचआरसी ने इस मामले से उजागर हुए संभावित मानवाधिकार उल्लंघनों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि, कानूनी संरक्षक के रूप में, शरण अधिकारी अपनी देखभाल के तहत कैदियों के कल्याण के लिए जिम्मेदार हैं। परिषद ने इस घटना को एक गंभीर मामला बताया जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के मद्देनजर एनएचआरसी ने बिहार के मुख्य सचिव को नोटिस भेजकर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है. रिपोर्ट में पीड़ितों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, प्रभावित व्यक्तियों या उनके परिवारों को मुआवजा प्रदान किया गया है या नहीं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बिहार सरकार द्वारा उठाए गए उपाय शामिल होने चाहिए। 14 नवंबर, 2024 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आश्रय गृह के निरीक्षण से पता चला कि कैदी अस्वच्छ परिस्थितियों में रह रहे थे। इसके अलावा, सुविधा में भोजन तैयार करने की प्रक्रिया उचित स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में अपर्याप्त पाई गई, जिसने भोजन विषाक्तता में योगदान दिया हो सकता है।

# राहुल गांधी की प्रेस कॉफ्रेंस में बिजली गुल: भाजपा नेता संबित पात्रा ने कसा तंज, बोले- जयराम रमेश ने काटी होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉफ्रेंस में गुरुवार को अचानक बिजली गुल हो गई। इस पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिजली कांग्रेस के ही जयराम रमेश ने काटी होगी। पात्रा ने यह भी कहा कि बिजली चले जाने पर राहुल गांधी अदाणी और दूसरों पर आरोप लगा रहे थे। जबकि उनका ऑफिस है, उनकी बिजली है। मुझे लगता है कि उनके पीछे बैठे लोगों ने ही बिजली काटी होगी। मुझे तो जयराम रमेश पर ही शक है। दरअसल राहुल गांधी गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस में अदाणी समूह और मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे थे। इस दौरान अचानक बिजली गुल हो गई। कुछ सेकेंड बाद बिजली आई तो राहुल गांधी बोले कि पता नहीं कौन सा अदाणी पावर और मोदी पावर है। हालांकि सब एक है। राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बिजली गुल हो



जाने पर तंज कसा। संबित पात्रा ने कहा कि बिजली चले जाने पर राहुल गांधी अदाणी और दूसरों पर आरोप लगा रहे थे। जबकि उनका ऑफिस है, उनकी बिजली है। मुझे लगता है कि उनके पीछे बैठे लोगों ने ही बिजली काटी होगी। मुझे तो जयराम रमेश पर ही शक है। सोचा होगा बहुत हो गया, अब काट दीजिए बिजली। राहुल गांधी तोते की तरह एक ही शब्द बोलते रहते हैं। उनके पास तीन शब्द हैं, अदाणी, अंबानी और चोर। उनके प्रेस कॉफ्रेंस में इन्हीं शब्दों का प्रयोग होता है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ₹राहुल गांधी के पास वही चंद नाम हैं, वही चंद तरीका है। उन्होंने उसी तरह से फिर भाजपा पर आरोप लगाया है। मुझे याद है कि राफेल को लेकर राहुल गांधी इसी तरह खड़े हुए थे।

# ट्रैफिक रडार उपकरण सत्यापन के लिए नए नियम लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** देशभर में सड़क सुरक्षा में सुधार करने के लिए सरकार ट्रैफिक रडार उपकरणों के अनिवार्य सत्यापन और सरकारी स्टांप लगाने के लिए नए नियमों को लागू करने जा रही है। यह सड़कों पर वाहनों की गति मापने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए लागू होंगे। इस प्रक्रिया का मकसद गति और दूरी नापने के लिए सटीक रीडिंग सुनिश्चित करना है, ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन न होने पाए। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के विधिक माप विज्ञान प्रभाग (लीगल मेट्रोलॉजी डिवीजन) ने सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद मसौदा नियमों को अंतिम रूप दिया है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम DAVENDRA KUMAR / देवेन्द्र कुमार से बदलकर DAVENDAR KUMAR TOMAR / देवेन्द्र कुमार तोमर कर दिया है। आज के बाद शपथकर्ता को DAVENDAR KUMAR TOMAR / देवेन्द्र कुमार तोमर के नाम से ही जाना जाए। देवेन्द्र कुमार तोमर पुत्र काकु सिंह निवासी गंगा विहार कालोनी, मुरादनगर जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201206

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 22 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# करंट क्राइम के ऑनलाइन सर्वे में जनता ने दिया बीजेपी को बहुमत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव हो गया और मतगणना शनिवार को होनी है। जहां भी जाओ वहीं एक ही चर्चा है कि कौन चुनाव जीत रहा है, कितने मार्जिन से वोट मिलेंगे। इस चुनावी माहौल में दैनिक करंट क्राइम ने भी फेसबुक सर्वे किया। हालांकि ये सर्वे कोई अधिकृत पैमाना नहीं है। ये सर्वे केवल जनभावनाओं का एक आईना है और इस सर्वे के आधार अनुमान लगाया जा सकता है। इसे सटीक कथन नहीं कह सकते, मगर जनता क्या कह रही है उसका रुझान तो पता चलता ही है। दैनिक करंट क्राइम के फेसबुक सर्वे में संजीव शर्मा टॉप पर रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। संजीव शर्मा को जिस तरह से फेसबुक सर्वे में समर्थन मिला है उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि संजीव शर्मा को बड़ी संख्या में वोट मिलने जा रहे हैं। फेसबुक सर्वे में लोगों ने सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार को भी अपनी पसंद बताया है। उन्हें भी लोगों ने पसंद किया है। यहां पर केतली और पतंग के अलावा हाथी को लेकर भी लोगों ने राय रखी है मगर बड़ी संख्या में यहां जो प्रतिक्रियाएं आई हैं उनमें संजीव शर्मा छाए हुए हैं। दैनिक करंट क्राइम के फेसबुक सर्वे में लोगों ने अपनी राय को कुछ इस तरह से रखा है।

**पहली पसंद बनकर उभरे हैं भगवा कमांडर संजीव शर्मा। गठबंधन उम्मीदवार को भी मिल रहा है पब्लिक सपोर्ट, मगर बड़ी संख्या में संजीव शर्मा को मिलते दिख रहे हैं वोट**

करंट क्राइम facebook
**शोकत कुरेशी**
इस्लामनगर कैला भट्टा से भी माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा जी को अच्छा वोट और समर्थन मिला है भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा जी जिंदाबाद

करंट क्राइम facebook
**कमल पाटिल**
बीजेपी
दिल में ही बसा है कमल ही...
आएगा
जय भाजपा
तय भाजपा

**ईशु गर्ग** — संजीव शर्मा जिन्दाबाद

**मनोज पाल** — हो गया काम बोलो जय श्री राम

**विजय उपाध्याय** — भाजपा

**भीम शर्मा** — विकास के लिए मेरा वोट संजीव शर्मा भाजपा को

**गौरव शर्मा शिहानी** — बीजेपी

**प्रदीप चौहान वाल्मीकि** — बीजेपी

**अनुराधा महापात्रा** — भारतीय जनता पार्टी

करंट क्राइम facebook
**ए आर पंकज कर्दम**
प्रबुद्ध वर्ग जाटव समाज ने संजीव शर्मा जी को वोट किया क्योंकि लुटेरे लुटते आ रहे हैं समाज का भला किसी ने नहीं किया।

**देवी सिंह नागर** — जय श्री राम

**अशोक संत** — और किसको ?? समझ जाओ

**संजीव वाल्मीकि** — कमल के फूल को

**गौरव बक्सी** — संजीव शर्मा को

**रोहन भारद्वाज** — केवल संजीव शर्मा

**रविन्द्र चौधरी** — विजय होगी जरूर होगी, जय हिंद

**संजय त्यागी** — संजीव शर्मा

करंट क्राइम facebook
**सिंपी सिंह**
बीजेपी को मेरे सभी गाजियाबाद में रहने वालों सभी रिश्तेदारों ने वोट दी है
जय भाजपा तय भाजपा

**सन्नी** — भारतीय जनता पार्टी और कौन...

**नकुल अरोरा** — विकास का पहिया संजीव भैया

**प्रिंश चौधरी** — संजीव भैय्या को

**दीपक गौतम** — बीजेपी

**वकील मलिक** — भाई सतपाल चौधरी को

**संजीव जांगीड** — कमल को

**युशुफ सैफी** — अखिलेश-राहुल जिंदाबाद

करंट क्राइम facebook
**पवन शर्मा**
गाजियाबाद में आएगी तो बीजेपी ही
भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद
संजीव शर्मा जिंदाबाद
जय हिंद, जय भाजपा

**रविन्द्र गोस्वामी** — साईकल

**एडवोकेट तंसिल भल्ला** — बीजेपी

**विवेक गाजियाबाद** — भाजपा

**राहुल पंडित** — भाजपा

**लवली कौर** — कमल को

**हैदर मलिक** — समाजवादी पार्टी

करंट क्राइम facebook
**विपिन गोयल**
भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद
विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद
जय हिंद
जय भारत

**जितेन्द्र कुमार प्रजापति** — बीजेपी

**भूषण शर्मा** — संजीव शर्मा को

**वकील अनसारी** — समाजवादी पार्टी

**रोहित चौहान** — जय श्री राम

**सतेन्द्र शर्मा** — बीजेपी

**इमरान मलिक** — जीतेगी बीजेपी

**निसार** — साइकिल

**धर्मेन्द्र चौधरी** — बीजेपी

**राजेश गुप्ता** — बीजेपी

करंट क्राइम facebook
**रिजवान इकरम**
संजीव शर्मा को शहर विधायक बनने पर बहुत-बहुत मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं
जय भारत
जय हिंद
जय भाजपा

करंट क्राइम facebook
**ललित चौधरी**
विधानसभा 56 का संचालन भाजपा के हाथ में रहेगा यह हमारा वादा।
विकास होगा भाजपा का वादा है। जनता को और क्या चाहिए। हमारी भाजपा ही देश हित में काम करती है।

**विधु गर्ग एसपीओ** — बीजेपी गाजियाबाद

**विनोद सिंह यादव** — समाजवादी पार्टी

**संजीव कौशिक** — साइकिल

**स्पर्श अग्रवाल** — भारतीय जानता पार्टी जिंदाबाद

**मनोज पंडित** — पूरा 100 प्रतिशत

**विमल यादव** — सपा

**अकरम खान** — समाजवादी पार्टी जिंदाबाद

**उपेन्द्र प्रताप सिंह सिशोदिया** — बीजेपी

**राहुल चौधरी** — जय भजपा जय भाजपा

**हेमन्त जोशी** — भाजपा

**सुभाष चंद्र गौतम** — मान्य सतपाल चौधरी जी को आजाद समाज पार्टी

**मुनेश कशाना** — जय श्री राम

**अनील तनवर** — विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद

**रमेश शर्मा** — भाजपा

**डा. सौरव गोस्वामी** — चप्पा चप्पा भाजपा

करंट क्राइम facebook
**अरुण मेहरा**
जय भाजपा
तय भाजपा
संजीव शर्मा जिंदाबाद
जो जनता के हित में कार्य करेगा, वही जनता के दिल में बसेगा।

**अंकित गुप्ता** — भाजपा संजीव शर्मा

**पायल खत्री** — बीजेपी

**रोबिन त्यागी** — बीजेपी

**विजय दामा** — बीजेपी

**संदीप शर्मा** — भाजपा

**निधि शर्मा** — बीजेपी

करंट क्राइम facebook
**संदीप शर्मा**
संजीव शर्मा खिल गया कमल का फूल। संजीव शर्मा जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं, उन्होंने गाजियाबाद के लिए अपना पसीना बहाया है। आएगी तो भाजपा।

**चेतन शर्मा** — बीजेपी

**जोनी जेनवाल** — भारतीय जनता पार्टी

**जितेन्द्र यादव मंडल मंत्री** — बीजेपी

**अनिल शर्मा काशी** — बीजेपी जिंदाबाद

**कृष्ण कुमार पांचाल** — भारतीय जनता पार्टी

**सुमित तौमर** — बीजेपी भारतीय जनता पार्टी

**सचिन सोनी** — बीजेपी

**कंवर पाल सिंह चौधरी** — संजीव शर्मा

**एडवोकेट विपिन सोनी** — बीजेपी

करंट क्राइम facebook
**विक्की पंडित**
खुद ही देख लीजिए भाटी जी। अब हम अपने मुंह से अपनी क्या तारीफ करें। जो जनता के लिए काम करेगा, वहीं जनता के दिल को भाएगा। आएगा तो वही, जिसको जनता चाहेगी।

करंट क्राइम facebook
**जग्गी भाई**
भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने जनता हित में हमेशा कार्य किए हैं। चौबीसों घंटे जनता के उपलब्ध रहने वाले संजीव शर्मा जनता के दिलों की धड़कन बन चुके हैं।

**मुकेश राघव** — भारतीय जनता पार्टी संजीव शर्मा जी को

**आदिल लाला** — जय अखिलेश

**हाजी सैयद कुरेशी** — सपा

**सुनील जिंदल** — सपा

**वाजिद मलिक** — साइकिल

**रोहिल युवा** — सपा

**अनुपम शर्मा** — बीजेपी

**आरीफ मलिक** — सपा

**आशा सच्चदेवा** — साइकिल

## संपादकीय

# भारत-चीन के बीच भरोसे की कूटनीति

भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चल रही कवायद के जरिए भारत-चीन संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। दोनों देश लगभग पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक जल्द बुलाने वाले हैं। साथ ही, दोनों देशों में सीधी उड़ान बहाल करने और मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने को लेकर सहमति बन रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है और अब भरोसा बहाल करने के आगे के कदम उठाए जा रहे हैं। सीमा विवाद के अलावा दोनों देशों के बीच जो मुद्दे अरसे से लंबित रहे हैं- मसलन, सीमावर्ती नदियों के आंकड़े साझा करने समेत आपसी सहयोग बढ़ाने के तमाम विषयों पर बातचीत शुरू की गई है और प्रगति संतोषजनक है।

### यूक्रेन से युद्ध को ध्यान रखकर रूस ने कराई मध्यस्थता

असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत से उसके मजबूत रिश्ते अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के कारण यह समीकरण कारगर नहीं हो पा रहा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से रूस ने पहल की और भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर होनी शुरू हुई। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था।

जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की प्रतिक्रिया का भारत के कूटनीतिज्ञ विश्लेषण कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह खफा है। अभी अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं। हालांकि, भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है।

### चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ

रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए भी भरोसेमंद साझीदार बन रहा है। इस कारण कोई भी ताकत भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रही। चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीधी उड़ान सेवाओं से विद्यार्थियों और पेशेवरों को राहत मिलेगी। हालांकि, सवाल अभी भी है कि चीन अपने ताजा रुख पर कब तक कायम रह पाता है।

# देश में इनोवेशन बढ़ाने के लिए हो एक लाख करोड़ के एएनआरएफ फंड का इस्तेमाल : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को इंडस्ट्री से देश में इनोवेशन और रिसर्च इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) फंड के इस्तेमाल का आग्रह किया। देश की राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के इवेंट में लोगों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि इस सरकारी पहल के तहत प्रतिभाशाली युवाओं को प्रयोग करने और नए विचार विकसित करने की मानसिकता से भी अवगत कराया जाना चाहिए। गोयल ने कहा कि इस पहल से भारत को रिसर्च और डेवलपमेंट इकोसिस्टम विकसित करने में मदद मिलेगी और उद्योग जगत के लीडर्स की इसमें रुचि बढ़ेगी। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे धन प्राप्ति की प्रक्रिया को परिणामयुक्त और समय कुशल बनाने के लिए सुझाव दें। गोयल ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लीडरशिप में उठाए गए इनिशिएटिव जैसे डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), आयुष्मान भारत और अन्य से भारत में तेजी से बदलाव हुआ है।




केंद्रीय मंत्री ने देश भर के इंडस्ट्रियल पार्कों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कारों में एक्सीलेंस इन स्वच्छ इंडस्ट्री पार्क श्रेणी रखने के लिए फिक्की की सराहना की और कहा कि स्वच्छता आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और रोजगार से निकटता से जुड़ी हुई है। इसके अलावा गोयल ने इंडस्ट्री लीडर्स से आग्रह करते हुए कहा कि वे व्यापार से जुड़े नियमों का गैर-अपराधीकरण और अनुपालन का बोझ कम करने के लिए सरकार के साथ मिलकर सक्रिय रूप से काम करें, जिससे व्यापार में आसानी हो। केंद्र को अपना काम बेहतर ढंग से करने में मदद करने के लिए फिक्की को फीडबैक सिस्टम बनना होगा। देश में गुणवत्ता मानकों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने फिक्की से आग्रह किया कि वह अपनी तकनीकी समितियों का उपयोग करें और मानकों को बनाए रखने के लिए प्रत्येक उद्योग से एक प्रतिनिधि नियुक्त करें।

# मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी बढ़ने से भारत का एक्सपोर्ट आउटलुक सकारात्मक : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई के नवंबर बुलेटिन के मुताबिक, भारत का निर्यात आउटलुक सकारात्मक है। इसकी वजह मुख्य मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के पास वर्तमान में पेट्रोलियम उत्पादों के वैश्विक बाजार में 13 प्रतिशत हिस्सा है, जो बढ़ती रिफाइनिंग क्षमताओं और अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने की क्षमता को प्रमाणित करता है। भारत बहुमूल्य और अर्ध-कीमती पत्थरों का सबसे बड़ा निर्यातक है, कीटनाशकों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, रबर न्यूमेटिक टायरों का आठवां सबसे बड़ा निर्यातक है तथा सेमीकंडक्टर्स का नौवां सबसे बड़ा निर्यातक है।



रिपोर्ट में आगे बताया गया कि 2024-25 की पहली छमाही में एप्पल ने भारत में निर्मित आईफोन का लगभग 6 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि ऑटोमोबाइल निर्यात में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें यात्री और दोपहिया वाहनों का योगदान अधिक है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि कई उत्पादों पर निर्यात की पाबंदियों को हटा दिया गया है। भौगोलिक संकेत (जीआई) उत्पादों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं ताकि कुल निर्यात को बढ़ाया जा सके और वैश्विक बाजारों में प्रीमियम मूल्य को सुनिश्चित किया जा सके। पहले से ही 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत 1,100 से ज्यादा जीआई उत्पाद पंजीकृत हैं, जिनमें से 640 का निर्यात किया जा रहा है, जबकि वैश्विक स्तर पर कुल 70,000 जीआई उत्पाद हैं।

रिपोर्ट की हाईलाइट्स में कहा गया कि भारत समुद्री व्यापार के लिए अपने लॉजिस्टिक्स में एक शांत बदलाव से गुजर रहा है, जो भारत के व्यापार का 95 प्रतिशत मात्रा के हिसाब से और 65 प्रतिशत मूल्य के हिसाब से है।

यह भी बताया गया कि पिछले दस वर्षों में बंदरगाहों की क्षमता 745 मिलियन टन से दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 1,600 मिलियन टन से अधिक हो गई है। प्रमुख बंदरगाहों पर यातायात में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2010 में टर्न-अराउंड समय 127 घंटों से घटकर हाल ही में 53 घंटे रह गया है, जिसमें न्हावा शेवा में जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) में केवल 21 घंटे का समय रह गया है। इस अवधि के दौरान विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में भारत का स्थान 54वें से बढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गया है।

## अदाणी ग्रुप ने यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और एसईसी के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप ने गुरुवार को अपनी सहायक कंपनी अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओजे) और यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया और कहा कि हरसंभव कानूनी उपाय तलाशा जाएगा। अदाणी ग्रुप के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। प्रवक्ता ने कहा, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने खुद कहा है, अभियोग में आरोप हैं और जब तक प्रतिवादी दोषी साबित नहीं हो जाते, तब तक उन्हें निर्दोष माना जाता है। कंपनी के प्रवक्ता ने आगे कहा, अदाणी ग्रुप हमेशा अपने परिचालन के सभी क्षेत्रों में शासन, पारदर्शिता और विनियामक अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। प्रवक्ता ने कहा, ῾हम अपने सभी पक्षकारों, साझेदारों और कर्मचारियों को भरोसा दिलाते हैं कि हम कानून का पालन करने वाले संगठन हैं, जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करता है।




# सोना 1400 रुपये उछलकर 79300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 1,400 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। गुरुवार को चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। आइए जानें गुरुवार को कैसा रहा सराफा बाजार का हाल। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 1,400 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, गुरुवार को चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,400 रुपए बढ़कर 78,900 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि इससे पहले इसका भाव 77,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 568 रुपये अथवा 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,602 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। जानकारों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग फिर से बढ़ने तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु खतरों को लेकर चिंता बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, बढ़ते तनाव और वैश्विक बेचैनी की खबरों के कारण कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता सोने के लिए तेजी के रुझान को बढ़ावा दे रही है। त्रिवेदी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण अल्पावधि में उच्च अस्थिरता की उम्मीद है। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 318 रुपये या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 90,407 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोने का वायदा 19.80 डॉलर प्रति औंस या 0.74 प्रतिशत बढ़कर 2,695.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच संकट बढ़ने के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर लौटने से सोने में तेजी आई।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 422 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार के करीब सभी सूचकांकों में बिकवाली देखी गई। मंदी की वजह रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 422 अंक या 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,155 और निफ्टी 168 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,349 पर था। बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1235 शेयर हरे निशान में, 2,735 शेयर लाल निशान में और 95 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 162 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,385 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 80 अंक या 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,596 पर बंद हुआ। गिरावट का सबसे अधिक असर ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और एनर्जी इंडेक्स में देखा गया। आईटी, रियल्टी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।

## राशिफल

**मेष :** जानने वालों के माध्यम से आपको आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। कुछ लोग जितना कर सकते हैं उससे अधिक करने का वादा करते हैं।

**वृष :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। जो लोग खेलों में रुचि रखते हैं, उन्हें आज किसी प्रसिद्ध अकादमी से जुड़ने का प्रस्ताव मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपको अपनी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा, इसलिए मेहनत करते रहें। धैर्य से काम लें, संचार माध्यम से कोई सूचना मिलेगी।

**कर्क :** धन कमाने के नए अवसर मुनाफा देंगे। दोस्त गलत रास्ता दिखा सकते हैं। रोमांस का मौसम कुछ खराब लग रहा है, पार्टनर काफी उम्मीदें लगाएगा।

**सिंह :** आज दिन सामान्य रहेगा। ज्यादातर काम समय से पूरे हो सकते हैं। घरेलू सामानों पर खर्च बढ़ सकता है। अधिकारी बातों से थोड़े नाराज हो सकते हैं।

**कन्या :** आज किसी से आर्थिक मदद भी मिल सकती है। नए कार्यों को हाथ में लेंगे तो उनमें सफलता मिलेगी। मन में एक नई उमंग और उत्साह का संचार होगा।

**तुला :** आर्थिक समस्याओं ने आपकी रचनात्मक सोचने की क्षमता को खत्म कर दिया है। घर के लोग आपके फिजूल स्वभाव की आलोचना करेंगे।

**वृश्चिक :** आज ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। पेश आ रही चुनौतियों को धैर्य से आसानी से समाप्त कर लेंगे। सोचे समझे काम पूरे हो सकते हैं। अचानक लाभ मिलने के योग हैं।

**धनु :** धनु राशि के जातक आज खुद को ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे। व्यापार में लाभ के योग बनेंगे। किसी विश्वसनीय व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** आज सफलता का मंत्र है कि जिन लोगों की सोच मौलिक हो और अनुभवी भी हों, उनकी सलाह पर पैसा लगाएं। बहन का स्नेह आपको प्रोत्साहित करेगा।

**कुंभ :** दिन आपके लिए बहुत ही शानदार रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। अगर किसी इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो सफलता जरूर मिलेगी।

**मीन :** आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध अच्छे रहने वाले हैं। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिससे आपको तरक्की मिलने के आसार हैं।

## चुटकुले

जेलर- कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं।
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

---

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर - कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू- जी नादां परिंदे।
डॉक्टर - ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं,
'व्हाट्सएप के कीड़े'।

---

शराबी चीकू- एटीएम में पैसे हैं क्या?
गार्ड- हां हैं।
शराबी- निकाल लूं?
गार्ड- हां, निकाल लो
शराबी- लाओ, पेंचकस है क्या? आज सारा कैश निकाल लूंगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
### 22 11 2024 आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी टीम को दी बधाई






### यह सफलता युवा एथलीटों को प्रेरित करेगी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 21 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता युवा एथलीटों को प्रेरित करेगी। भारत ने बुधवार को बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार चैंपियन का ताज पहना।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया,₹एक अभूतपूर्व उपलब्धि! महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर हमारी हॉकी टीम को बधाई। उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी सफलता कई भावी एथलीटों को प्रेरित करेगी।"

हॉकी इंडिया ने बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में भारतीय महिलाओं की शानदार जीत के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए 3-3 लाख रुपये और सभी सहयोगी कर्मचारियों के लिए 1.5-1.5 लाख रुपये के ईनाम की घोषणा की। इस मौके को और भी खास बनाते हुए, एशियाई हॉकी महासंघ ने प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार पोडियम फिनिशरों के लिए ईनाम की घोषणा की है। भारत को 10,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि चीन और जापान को क्रमशः 7,000 और 5,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।

जश्न के तौर पर, बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार की घोषणा की है। टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को टूनार्मेंट के दौरान राजगीर हॉकी स्टेडियम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 10 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10 लाख रुपये और बाकी सहयोगी स्टाफ को पांच-पांच लाख रुपये दिए गए।

## जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घोषणा

# प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये देगी बिहार सरकार



**मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है, जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है।**

**पटना, 20 नवंबर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में फाइनल में चीन पर 1-0 की जीत के साथ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीत लिया। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विजेता टीम की हर खिलाड़ी और कोच को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है, जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दशार्ती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के बाकी सपोर्ट स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी विजेता टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा, इससे खेल के प्रति महिला खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा। मैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस निर्णय के लिए कोटिश आभार-धन्यवाद प्रकट करता हूं।

# कप्तानी जिम्मेदारी है, यह कोई टाइटल नहीं: बुमराह

**पर्थ, 21 नवंबर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के पहले मैच से नियमित कप्तान रोहित शर्मा बाहर हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज और टीम के उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह कमान संभालेंगे।

पर्थ टेस्ट के लिए बनाए गए भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कड़े तेवर दिखाए हैं। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उनकी टीम घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड से 0-3 से मिली हार का बोझ लेकर यहां नहीं आई है। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, मैं कप्तानी को एक पद के रूप में नहीं देखता हूं, लेकिन मुझे हमेशा जिम्मेदारी पसंद है। मुझे बचपन से ही मुश्किल और चुनौतीपूर्ण काम करना अच्छा लगता है। उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में शांत रहने की अपनी क्षमता के लिए माने जाने वाले, बुमराह ने एक कप्तान होने के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया, और इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ एक उपाधि के बजाय एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

हालांकि, रोहित एडिलेड में दूसरे टेस्ट से उपलब्ध रहेंगे, लेकिन बुमराह ने भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने की उनकी इच्छा का संकेत दिया।

बुमराह ने कहा, मुझे खुद पर पूरा भरोसा है, इसलिए मैं इसी के साथ चलता हूं और एक गेंदबाज के तौर पर आप हमेशा बहुत सारी योजनाएं बनाते हैं, आपको अच्छी तरह पता होता है कि क्या करना है और खेल के दौरान आपको क्या समायोजन बनाना है। मैं जितना हो सके सभी पहलुओं को देखूंगा। मैं इसे एक पद के रूप में नहीं देखता। मुझे जिम्मेदारी पसंद है। यह मेरे लिए एक चुनौती है।




# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ टेस्ट की शुरुआत



**पर्थ, 21 नवंबर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ टेस्ट की शुरूआत हो रही है। रोहित की अनुपस्थिति में टीम इंडिया की कमान कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह के पास होगी। पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया का ओपनिंग कॉम्बिनेशन और प्लेइंग-11 क्या होगी, यह एक बड़ा सवाल है। साथ ही, हर्षित-नीतिश को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

ये भी सच है कि दोनों टीमों को काफी कुछ साबित भी करना है। दबाव ऑस्ट्रेलिया पर ज्यादा है और वो अपने घर में खेल रहे हैं। पिछले एक दशक से वो भारत को अपने घर में हराने में नाकाम रहे हैं। जबकि, न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर क्लीन स्वीप होने के बाद टीम इंडिया भी कमबैक का इरादा बनाकर मैदान पर उतरेगी। पर्थ की पिच तेज गेंदबाजों की मददगार रही है। गेंद की तेज रफ्तार और उछाल के लिए यहां की पिच मशहूर है। वहीं, धीरे-धीरे पिच से थोड़ी बहुत मदद स्पिन गेंदबाजों को भी मिलती है। इसलिए दोनों टीमें कम से कम एक विशेषज्ञ स्पिनर अपनी प्लेइंग-11 में जरूर शामिल करेंगी। पर्थ टेस्ट में प्लेइंग-11 तय करना भारत के लिए काफी मुश्किल काम है। दो मुख्य खिलाड़ियों के बाहर होने से टीम इंडिया की बल्लेबाजी लाइन-अप भी लड़खड़ा गई है।

सवाल ये है कि रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में ओपनर कौन होगा?, जबकि दूसरा सवाल यह है कि शुभमन गिल चोटिल हैं, वे पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनकी जगह तीसरे नंबर पर कौन उतरेगा?

**पर्थ टेस्ट के लिए भारतीय टीम:** भारतीय टेस्ट टीमः देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, प्रसिद्ध कृष्णा और रविचंद्रन अश्विन।

# पुजारा और शास्त्री का दृढ़ विश्वास कि ऑस्ट्रेलिया भारत को हल्के में नहीं लेगा



**नई दिल्ली, 21 नवंबर।** चेतेश्वर पुजारा और रवि शास्त्री, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत की पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, का दृढ़ विश्वास है कि मेजबान टीम शुक्रवार से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में मेहमान टीम को कम नहीं आंकेगी।

भारत न्यूजीलैंड से 3-0 से सीरीज हारने, जो 12 वर्षों में उसकी पहली घरेलू सीरीज हार है, के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित सीरीज में उतरेगा। अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए, भारत को ऑस्ट्रेलिया में कम से कम चार जीत हासिल करने की आवश्यकता है।

पुजारा ने गुरुवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो में आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं कहूंगा कि ऑस्ट्रेलियाई निश्चित रूप से हमें हल्के में नहीं लेंगे। भले ही आप उनकी कुछ प्रेस कॉन्फ्रेंस, कुछ खिलाड़ियों, उनके बोलने के तरीके को देखें, हालांकि उन्हें पता है कि हम न्यूजीलैंड से 3-0 से हार गए हैं। लेकिन जिस तरह के बयान वे दे रहे हैं, वे भारत को ऐसी टीम नहीं मान रहे हैं जो वहां जीत नहीं सकती।

पुजारा ने कहा, इसलिए, हम अभी भी वहां जीत सकते हैं और वे इस तथ्य से अवगत हैं क्योंकि हमने वहां पिछली दो सीरीज जीती हैं। इसलिए, मुझे यकीन है कि वे इस बारे में सोचने के बजाय कि अनुभवहीन टीम है या ज्यादा अनुभव नहीं है या टीम ने भारत में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, केवल अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेंगे।

2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की 2-1 की जीत में नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में अहम भूमिका निभाने वाले पुजारा का मानना है कि आगामी सीरीज उभरते खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने टेस्ट क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन करने का एक मूल्यवान अवसर प्रस्तुत करती है।लेकिन ये अलग-अलग परिस्थितियां हैं। (नए) खिलाड़ी, जो भी टीम में आए हैं, उनमें काफी संभावनाएं हैं। जाहिर है, पर्याप्त अनुभव नहीं है।

# मानसिक और शारीरिक तरोताजा रहना अच्छा प्रदर्शन की कुंजी है: पोंटिंग



**दुबई, 21 नवंबर।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जैसी उच्च-दांव वाली श्रृंखला की तैयारी की चुनौतियों पर विचार किया, अत्यधिक मैच अभ्यास पर मानसिक स्पष्टता पर जोर दिया और कहा कि श्रृंखला में प्रदर्शन करना यह सुनिश्चित करने के बारे में अधिक होगा कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे और तरोताजा हैं।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा,तैयारी हमेशा सही तरीके से करना मुश्किल होता है क्योंकि मैंने ट्रैविस हेड जैसे लोगों को अतीत में देखा है, जहां उनके पास लगभग कोई तैयारी नहीं थी, एक मैच में जाने और फिर आने और सर्वकालिक महान पारियों में से एक खेलने के लिए। मेरे लिए, यह इस तरह के खेल या श्रृंखला में जाने के लिए कौशल पक्ष नहीं है। यह सुनिश्चित करना है कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे और तरोताजा हैं।"

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने तर्क को और स्पष्ट किया और पिछली भविष्यवाणियों पर विचार किया जो उनके हिसाब से नहीं चलीं, उन्होंने अपने आकलन में थोड़ा हास्य भी जोड़ा।

रवि शास्त्री ने हाल ही में एक करीबी सीरीज की भविष्यवाणी की थी, जिसमें दोनों पक्षों के लिए 3-1 स्कोरलाइन का सुझाव दिया गया था, लेकिन उनका मानना था कि भारत एक मजबूत शुरूआत के साथ आगे बढ़ सकता है। जब पोंटिंग से शास्त्री की भविष्यवाणी पर उनका विचार पूछा गया, तो 49 वर्षीय ने अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, मैं 3-1 ऑस्ट्रेलिया के साथ रहने जा रहा हूं। पोंटिंग की भविष्यवाणी एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि में आती है।

भारत ने 2017 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज नहीं हारी है और ऑस्ट्रेलिया में पिछले दो मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें 2020/21 में उनकी नाटकीय जीत भी शामिल है। पोंटिंग ने 2020/21 सीरीज के दौरान भारत के दिग्गज सुनील गावस्कर के साथ एक पुरानी बातचीत को भी याद किया।

एडिलेड में भारत के विनाशकारी पहले टेस्ट के बाद, जहां वे 36 रन पर आउट हो गए थे, पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2-1 से सीरीज जीतने की भविष्यवाणी की थी।

## शमी ने मांजरेकर को सुनाई खरी-खरी

# थोड़ा ज्ञान अपने आने वाले भविष्य के लिए बचा के रख लो



**मोहम्मद शमी ने आईपीएल नीलामी पर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की टिप्पणी पर उन्हें उन्हें बाबा कहा है, जिनसे लोग अपना भविष्य जानने के लिए संपर्क कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली, 21 नवंबर।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईपीएल नीलामी पर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की टिप्पणी पर उन्हें आड़े हाथों लिया है, उन्हें बाबा कहा है, जिनसे लोग अपना भविष्य जानने के लिए संपर्क कर सकते हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी में, शमी ने एक पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें तेज गेंदबाज की नीलामी कीमत पर मांजरेकर की राय दिखाई गई है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि आगामी मेगा नीलामी में उनकी बोली में संभावित कमी हो सकती है। बाबा की जय हो। थोड़ा ज्ञान अपने भविष्य के लिए भी बचा लो काम आएगा संजय जी? शमी ने लिखा, किसी को भविष्य जानना हो तो सर से मिले। अपने भविष्य के लिए भी कुछ ज्ञान बचाकर रखें, यह काम आएगा। अगर किसी को भविष्य जानना है तो सर से मिलें।

इससे पहले स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए मांजरेकर ने कहा था कि शमी की चोट के इतिहास के कारण आगामी आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज की कीमत में गिरावट आ सकती है। टीमों की दिलचस्पी निश्चित रूप से होगी, लेकिन शमी की चोट के इतिहास को देखते हुए - और हाल ही में हुई चोट को ठीक होने में काफी समय लगा - सीजन के दौरान संभावित ब्रेकडाउन के बारे में हमेशा चिंता रहती है, मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा था।

अगर कोई फ्रेंचाइजी भारी निवेश करती है और फिर उसे बीच सीजन में खो देती है, तो उनके विकल्प सीमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा, इस चिंता के कारण उनकी कीमत में कमी आ सकती है। शमी, जो 2023 विश्व कप फाइनल से बाहर रहे हैं, चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक बाहर रहे, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए पेशेवर क्रिकेट में वापसी की।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने के बाद सलीमा टेटे ने कहा -

# 'यह जीत युवा लड़कियों को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करेगी'



**ऐतिहासिक जीत पर भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने राजगीर में मिले अविश्वसनीय समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, राजगीर में खेलना एक विशेष अनुभव था, खासकर क्योंकि यह यहां आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूनार्मेंट था। भीड़ की ऊर्जा और प्रोत्साहन बेजोड़ था, और इसने हमें पूरी प्रतियोगिता के दौरान अतिरिक्त बढ़ावा दिया।**

**राजगीर (बिहार), 21 नवंबर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में चीन पर 1-0 की जीत के साथ बुधवार को बिहार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) राजगीर 2024 का खिताब हासिल किया। इस जीत ने 2016 और 2023 में पिछली जीत के बाद टूनार्मेंट में भारत की तीसरी चैंपियनशिप जीत सुनिश्चित की। इस खिताब के साथ, भारत एसीटी के इतिहास में सबसे सफल टीम के रूप में दक्षिण कोरिया के साथ शामिल हो गया है। दोनों देशों के पास अब तीन-तीन खिताब हैं।

इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने राजगीर में मिले अविश्वसनीय समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "राजगीर में खेलना एक विशेष अनुभव था, खासकर क्योंकि यह यहां आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूनार्मेंट था। भीड़ की ऊर्जा और प्रोत्साहन बेजोड़ था, और इसने हमें पूरी प्रतियोगिता के दौरान अतिरिक्त बढ़ावा दिया। मुझे सचमुच विश्वास है कि यह जीत अधिक युवा लड़कियों को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करेगी और भारत में इस खेल को और ऊपर उठाएगी। हम इस जीत को अपने प्रशंसकों और अपने देश तक पहुंचाने में सक्षम होने के लिए रोमांचित हैं।

सलीमा ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए, भविष्य के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए टीम की आकांक्षाओं को साझा किया।

उन्होंने कहा, हम इस जीत का जश्न मना रहे हैं, हमारा ध्यान दीर्घकालिक लक्ष्यों पर केंद्रित है। हम हर दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं, प्रक्रिया पर भरोसा कर रहे हैं और हर टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए समर्पित हैं। हमारा अंतिम उद्देश्य भारत को और अधिक गौरव दिलाना और देश को गौरवान्वित करना है।

सलीमा अगली बार आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में भाग लेंगी, जहां लीग के इतिहास में पहली बार महिला टीमें भाग लेंगी। सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए, उन्होंने अपने होमटाउन रांची में खेलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया, जहां महिलाओं के अधिकांश एचआईएल मैच आयोजित किए जाएंगे।

22 वर्षीय मिडफील्डर ने कहा, मैं एचआईएल में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह इसलिए भी खास है क्योंकि महिला टीमें पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। रांची में खेलना एक अद्भुत अनुभव होगा, यह देखते हुए कि वहां के प्रशंसक कितने उत्साहित हैं। उनकी ऊर्जा मेरे लिए एक बड़ी प्रेरणा होगी, और मैं अपनी टीम को जीत दिलाने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं।

भारत ने बिहार एसीटी राजगीर 2024 में गत चैंपियन के रूप में प्रवेश किया और पूरे टूनार्मेंट में अपना दबदबा बनाया। उन्होंने मलेशिया पर

# नोएडा में बैठकर यूएसए के लोगों से ठगी पॉप अप मैसेज भेजकर सिस्टम में करते गड़बड़ी



**नोएडा करंट क्राइम।** अमेरिका के नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम में छेड़छाड़ करके उनको सर्विस देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर को पदार्फाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें 4 युवतियां शामिल है। ठगी का कॉल सेंटर थाना सेक्टर-113 में संचालित हो रहा था। आरोपियों के कब्जे से भारी संख्या में लैपटॉप, राउटर, मोबाइल, हेडफोन, फर्जी दस्तावेज और इंटरनेट मीडिया कन्वर्ट समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों से इनपुट मिला था कि जिले के कई थानाक्षेत्र में ऐसे कॉल सेंटर संचालित किए जा रहे हैं जहां से अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी हो रही है। इसके बाद कॉल सेंटर का पदार्फाश करने के कई टीमें बनाई गईं। गुरुवार को पुलिस ने थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में छापेमारी की। यहां एक कॉल सेंटर का पदार्फाश किया।

### सिस्टम में पॉपअप मैसेज भेजकर करते थे हैंग

आरोपियों ने बताया कि वह अमेरिकी नागरिकों के सिस्टम के साथ छेड़छाड़ कर पॉपअप मैसेज भेजकर। उनके बैंक खातों की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। आरोपी विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम/लैपटॉप में बग भेजते है। इससे उनका सिस्टम सही तरीके से काम नहीं करता है।

उसके बाद आरोपियों की ओर से विदेशी नागरिकों को पॉपअप मैसेज भेजा जाता है। विदेशी नागरिक मैसेज के लिंक से आरोपियों के पास कॉल करते हैं ताकि उनके सिस्टम में जो समस्या आई है उसे दूर किया जा सके।

### आईवीआर कालिंग से जुड़ते थे

इसके बाद आरोपी आईवीआर कॉलिंग के जरिए विदेशी नागरिकों के साथ जुड़ जाते हैं। आरोपियों के पास जो कंप्यूटर है सभी में एक्सलाइट और वीसीडॉयल सॉफ्टवेयर होता है। इसी के माध्यम से विदेशी नागरिकों के सिस्टम का एक्सेस हासिल किया जाता है और नियंत्रण किया जाता है। विश्वास में लेने के बाद पैसे के लिए बारकोड भेजकर आरोपी रकम को बिट क्वाइन और क्रिप्टो करेंसी में ट्रांसफर करा लेते हैं। असुविधा को दूर करने के लिए सारी रकम गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टो के जरिए ली जाती है।

इनके पास से मिले कंप्यूटर का डेटा चेक किया जाएगा। जिससे ये पता चल सके कि किन-किन लोगों से इन लोगों ने बातचीत की। इनके पास कितना डेटा है। साथ ही डेटा कहा से आया। पूछताछ में बताया कि ये डेटा इनको डार्क वेब से मिलता है। जिसे खरीदा जा सकता है। फिलहाल अब तक ये लोग 150 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है।

### हवाला के जरिए आता था पैसा

ये लोग गिफ्ट कार्ड और बिट क्वाइन के रूप में पैसा लेते थे। जिसे कैश कराने के बाद हवाला के जरिए भारत में पैसा आता था। इसकी जांच की जा रही है कि हवाला के इस खेल में कौन कौन लोग शामिल है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### पकड़े गए अधिकांश नार्थ इस्ट के युवक युवतिया

नितेश सिंह पुत्र सतीश सिंह, एंड्रयू पुत्र लेमिन, लुईस पुत्र आसियक, आकाश सिंह पुत्र हरेंद्र सिंह, ऋतिक पुत्र जितेंद्र, विवेक मित्तल पुत्र अनिल कुमार, राहुल पासवान पुत्र रामचन्द्र, संगीता पुत्री सैम, टियानारो पुत्री मसावा निवासी नागालैंड, यूनिस पुत्री मोहोज, सिमरन कश्यप। डीसीपी ने बताया कि ये लोग इसलिए नार्थ ईस्ट के युवक और युवतियों को रखते है क्योंकि इनकी अंग्रेजी और बातचीत करने का तरीके अमेरिकी भाषा से काफी मिलता जुलता है।

### देहरादून में भी चलाता था कॉल सेंटर

नोएडा में करीब 25 दिनों से कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। इससे पहले देहरादून में ये लोग कॉल सेंटर संचालित कर रहे थे। वहां भी अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की जा रही थी। इस संबंध में विवेक को गिरफ्तार किया जा चुका है।




### फीलवान किससे करें गिला उन्हे तो रिश्तेदारों का भी वोट नही मिला

चुनाव नतीजा आयेगा और किसी ना किसी की सियासत के लिये भी फजीता लायेगा। नेता अब चतुर है तो मतदाता उससे भी चार हाथ आगे चलता हैं। चुनावी अनुमान वालों के गुमान को तोड़ देता हैं और किसे वोट देकर आया है ये बात सिर्फ खुद पर या ऊपर वाले पर छोड़ देता है। फीलवान इस बात को फील कर रहे थे कि सूटकेस के बदले ब्लू वोट बैंक मिलेगा साथ में बिरादरी का भी सहयोग मिलेगा तो संयोग बढ़िया बन जायेगा। लेकिन नतीजा जब आयेगा तब आयेगा मगर कहने वालों ने कहना शुरू कर दिया है कि वो करेगें किस किस से गिला क्योंकि उन्हे तो रिश्तेदारों का भी वोट नही मिला। कुल कुनबे वाले फूल पर चले गये। दिल्लीगेट वाले बहनोई ने फूल का बटन दबाया और शू वाले भी बटन फूल का ही दबा कर आये। नेहरूनगर वाले तो पहले से ही देवतुल्य हैं लिहाजा वो तो एक बार भी उनके यहां जाकर झांके भी नही। जितनों को उन्होने अपना मान कर फोन किये थे वो भी मतदान वाले दिन कह गये कि एक रहेगें तो सेफ रहेगें। सुना हैं कि बिरादरी वालों को तो छोड़ो कैडर वालों ने भी फुल सपोर्ट नही किया।

### नेता जी भीड़ ऐसे ही नही आई ये तो 300 प्रति दो घंटे की दर पर बुलाई

ये भी शहर में लहर का कहर रहा है कि मठ वालों के यहां तो इस बात को लेकर लठ पटक रहा था कि बस्ते पर हम बैठेगें और पर्ची घर घर तक हम लेकर जायेगें। वहीं दूसरी तरफ सीन इस बात पर उदासीन था और उधर से आवाज ये थी कि सब के सब नाराज हैं, आपने किसी को पूछा तक नही और हमारी बिरादरी के सिंह ने कम से कम गला तो तर कराया। सुना है कि नाराजगी दोनो तरफ से हैं और बीच इलेक्शन में दोनो ही कैलकुलेशन खर्च का लगाने बैठ गये। किसी ने ओके रिपोर्ट देते हुये कहा कि देखा हमारी रैली में भीड़ आई तो किसी ने बात को वहीं काटा। कहा कि नेता जी ये भीड़ ऐसे ही नही आई इसे तो 300 रूपये प्रति दो घंटे के हिसाब से बुलाया गया था। उन 40 का तो पर्चा है जिन्होने वोटर पर्ची बांटी थी और उनका भुगतान ही हैंड टू हैंड किया गया था।

### हमारी जीत तो है फिक्स मगर जीत का क्रेडिट है कई पीस में रिमिक्स

शहर वालों ने उम्मीद से अधिक उत्साह दिखाया है। उम्मीद तो बीस की थी मगर शहर वालों ने इसे तीस के पार पहुंचाया है। यहां चुनाव रिजल्ट को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह फूल वालों में है। वो जीत को कन्फर्म मानकर चल रहे हैं और शहर वाली जीत को वो लहर को समर्पित बता रहे हैं। पुराने फूल ने ही कूल अदांज में कहा कि देखो हमारी जीत तो फिक्स हैं मगर जीत का क्रेडिट कई पीस में रिमिक्स है। कहने को तो देवतुल्यों को ये जीत समर्पित होगी मगर बड़ी बैठकों में इस पार से लेकर उस पार वालों के सिर पर सहरा बंधेगा। वार्ड मडंल बूथ मौहल्ला गली के बीच बराबर का प्रसाद बंटेगा और ये मान कर चलो कि ये विजय श्री का केक और सबके बीच बराबर बराबर बटेंगा।

# गारमेंट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## 12 दमकल की गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू, शॉट सर्किट वजह



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग कंपनी के फर्स्ट फ्लोर पर लगी। जिस समय ये हादसा हुआ कंपनी बंद थी। पास की कंपनी के गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। घटना सुबह पांच बजे के आसपास की हे।बताया जा रहा है कि दमकल विभाग को सूचना मिलने में काफी देर हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर 12 फायर की गाड़ियों को भेजा गया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया है।

### 3 घंटे में बुझााई आग

आग को बुझाने में करीब 3 घंटे लग गए। कंपनी में रखा सारा सामान, मशीनरी जलकर राख हो गए। गनीमत रही की कंपनी में कोई व्यक्ति नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग को बुझा दिया गया है। इस दौरान आसपास की कंपनियों की दीवरों को ठंडा करने के लिए पानी का छिड़काव किया गया। ताकि उसमें आग न फैले।

कंपनी बंद थी। इसलिए यहां कोई फंसा नहीं है और न ही कोई इंजर्ड हुआ है।

### कपड़ा बनाने का होता है काम

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-63 के बी-299 में एसडीएस गारमेंट फैक्ट्री है। यह कंपनी बंद थी। सुबह पांच बजे इसके फर्स्ट फ्लोर पर शॉट सर्किट से आग लगी। कपड़ा और केमिकल होने से आग तेजी से फैल गई। इसकी जानकारी पड़ोस वाली कंपनी के गार्ड को लगी। उसने पुलिस और दमकल विभाग को फोन से जानकारी दी। मौके पर पहले 10 गाड़ियों को भेजा गया। इसके बाद दो और गाड़ियां भेजी गईं। आग इतनी तेज थी उसने दो और फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया।




# हापुड़ में फैमिली आईडी योजना शुरू

## परिवारों को मिलेगी एक पहचान, सीडीओ बोले-काम में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित विकास भवन के सभागार में सीडीओ हिमांशु गौतम ने अफसरों के साथ फैमिली आईडी योजना को लेकर चर्चा की।

फैमिली आईडी योजना आदि के कार्य में प्रगति लाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाए। इस योजना के प्रचार प्रसार के लिए दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ ने कहा कि फैमिली आईडी योजना सीएम डैशबोर्ड पर शासन की प्राथमिकता वाली योजना में से एक है। जिले का लक्ष्य 39,729 के सापेक्ष स्वीकृत आवेदन की संख्या करीब मात्र 44,93 है। इस कार्य में प्रगति लाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाए।



### सीडीओ बोले- लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई

सीडीओ हिमांशु गौतम ने कहा शिथिलता सामने आने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा शहरी क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम और ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ स्वीकृत अधिकारी हैं। शहरी क्षेत्रों में लेखपाल और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी सत्यापन और जांच अधिकारी हैं। पंचायत भवन पर फैमिली आईडी बनाने हेतु पंचायत सहायक द्वारा और स्वयं आवेदन निशुल्क है।

**लक्ष्य के अनुसार 2 दिसंबर तक पूर्ति सुनिश्चित करने के दिये गये निर्देश**

### इसलिए योजना संचालित की जा रही

लाभार्थी योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आच्छादन और जनसामान्य के लिए सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की जा रही है। ऐसे परिवार जिनके पास राशनकार्ड नहीं है, उनकी फैमिली आईडी बनाने के लिए पोर्टल भी विकसित किया गया है।

### इसकी भी समीक्षा की

इस दौरान साथ ही जीरो पावर्टी अभियान की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 556 इनूमरेटर के सापेक्ष 388 इनूमरेटर वेरिफाइड किए गए हैं। ये 298 कर्मचारियों द्वारा एमओपी एप डाउनलोड कर लिए गए हैं। उनके द्वारा निर्देश दिए गए कि लक्ष्य के अनुसार 2 दिसंबर तक पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# गौतमबुद्ध नगर में 300 टन गौमांस पकड़े जाने के मामले ने पकड़ा तूल

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा : बड़े अधिकारियों पर दर्ज हो रासुका के तहत मुकदमा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौतमबुद्धनगर में 300 टन गौमांस पकड़े जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ग्रेटर नोएडा डीसीपी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद विधायक नंदकिशोर गुर्जर काफी आक्रोशित नजर आए। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि करीब 8 हजार से ज्यादा गायों की हत्या की गई और मांस विभिन्न स्थानों पर पहुंचाना था लेकिन डीसीपी को अभी तक ये मालूम नहीं है कि यह मांस कहां से आया, कैसे आया, कौन लोग हैं? इसके अतिरिक्त मैंने आयुक्त को फोन किया और डीसीपी को किसी ने भी सीयूजी नम्बर तक उठाना उचित नहीं समझा। यह स्थिति तब है जब मुख्यमंत्री जी बार-बार अधिकारियों को सीयूजी नंबरों पर आए हर कॉल को उठाने के लिए कहते हैं। आज गौतमबुद्धनगर गौ तस्करों के लिए सबसे मुफीद जगह बन गई है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, मैं

### देश के इतिहास के सबसे बड़े गौरक्षा आंदोलन की चेतावनी

आरएसएस का स्वंयसेवक हूं। आज पूरे सनातन धर्म के ऊपर हमला हुआ है। वो भी उस क्षेत्र में जो गौपालक रहा है, अपने आप में हैरान करने वाला है। गौ रक्षा को लेकर आक्रांताओं से सनातनियों ने बड़ी-बड़ी लड़ाइयां लड़ी हैं। यह घटना सरकार पर कलंक है जिसके लिए उच्च स्तर पर पुलिस प्रशासन व अन्य जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री योगी लगातार गौ संवर्धन एवं संरक्षण हेतु गौशाला जैसी योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। वहीं अधिकारियों का दुस्साहस देखिए इस विषय पर न तो कमिश्नर और न ही डीसीपी द्वारा सीयूजी नम्बर उठाया गया और न ही कोई कठोर कार्यवाही हुई और न ही सघन जांच की गई। पूरे सिंडिकेट की जांच के लिए सीबीआई या उच्चस्तरीय



टीम को जांच सौंपी जाए। 300 टन मांस एकत्र होता है और पुलिस प्रशासन सोया रहता है कार्यवाही सिर्फ छोटी मछलियों पर नहीं बड़ी मछलियों पर होनी चाहिए, सभी पर रासुका लगना चाहिए।

### 'अगले सप्ताह गौतमबुद्धनगर में गौरक्षा संगठनों का होगा महाजुटान'

इस दौरान गौ रक्षा दल के अध्यक्ष वेद नागर व उपस्थित सन्तों ने कहा एक हफ्ते बाद गौरक्षा के लिए कार्यरत सभी संगठन बैठक करेंगे। गौतमबुद्धनगर की धरती से बड़ा आंदोलन गौरक्षा के लिए किया जाएगा जिसके बाद कोई गौकशी करने की सोच भी नहीं सकेगा।

# कोल्डड्रिंक में मिलाया जहरीला पदार्थ और की मारपीट

**हापुड़ करंट क्राइम।** नगर कोतवाली इलाके में एक युवक को कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिलाकर तीन आरोपियों ने उसकी जान लेने का प्रयास किया है। युवक का शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


रामगढ़ी के रहने वाले बाबूराम ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 17 नवंबर की शाम को उसका बेटे निक्की को एक युवक घर छोड़ने चला गया था, जिसकी हालत बहुत खराब थी। बेटे की हालत खराब देख परिजन परेशान हो गए और पिता ने निक्की से युवक के बारे में पूछा। मगर, निक्की इस हालत में नहीं था कि वह कुछ भी बता सके। उसके गले और मुंह पर चोट के निशान थे।

निक्की की हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।




### जल्द नई जैकेट में नजर आएंगे पुलिस अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से जो नई जैकेट का आदेश लागू हुआ है, उसका पालन होना कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में भी शुरू हो गया है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अधिकारियों की माप नहीं थी उनकी मैप लेकर उनके लिए नई डिजाइन वाली गजेटेड अधिकारियों की जैकेट सिलने के लिए भेजी जाने वाली हैं। वहीं अन्य स्तर के अराज्यप्रत्रित अधिकारियों के लिए भी तैयारी होने की बात सामने आ रही है। कमिश्नरेट व लखनऊ वाले सूत्रों ने बताया है कि यह नई वाली जैकेट पहले से ज्यादा गुड लुकिंग और स्टाइलिश बनने जा रही है। इसमें पुलिस के अधिकारी पहले से ज्यादा हैडसम दिखेंगे ऐसा दावा किया गया है। उधर इस नई ड्रेस में उत्तर प्रदेश का नया लोगो कंधों के नीचे लगा होगा, तो अधिकारियों का लोगो भी प्रदर्शित होगा। इसकी फिटिंग और स्टाइल कोट लुक में होगी, पर कहलाएगी यह जैकेट ही। उधर सूत्र बता रहे हैं कि भले पंजाब में सरकार दूसरी हो लेकिन जिस कंपनी से यह पूरा मामला सेट किया गया है उसका हेड



ऑफिस और मुख ब्रांच वहीं की बताई जा रही है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसमें पुरुष अधिकारियों के लिए फाइव एक्सेल तक साइज दिया गया है, तो महिला अधिकारियों के लिय फॉर एक्सेल का साइज रखा गया है। उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसका बजट और रेट भी ठीक रखा गया है। पुलिस की ओर से सुनने में आया है कि नई वाली जैकेट में कॉलर का भी अपना अलग लुक रहेगा। तो वही दो आगे वाली पॉकेट के साथ मोबाइल से लेकर पेन रखने का इंतजाम किया गया है। वैसे जैकेट लुक कोट में फ्रंट साइड चार बटन रहेगी, तो जैकेट को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिश लुक भी प्रदान किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में दो दर्जन से अधिक गजेटेड अधिकारियों के लिए मैप दी जा चुकी है। तो कहा जा रहा है अन्य़ीी इसकी डिमांड करेंगे। सूत्र बता रहे हैं कि अगले 8 से 10 दिन के भीतर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर पूरे यूपी के अधिकारियों के ऊपर नई जेंटलमैन लुक वाली मोंटी कार्लो की जैकेट नजर आएगी। जो पहले से ज्यादा स्टाइलिश और खाकी रंग में भी दिखेगी। इसको दो कैटेगरी में रखा गया है एक राजपत्रित अधिकारी और दूसरे अराजपत्रित कर्मियों की।

# भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर से ठगे 24.25 लाख

## ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफे का दिया था झांसा, हापुड़ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के कुचेसर चौपला निवासी और भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक कुमार से 24.25 लाख रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वॉट्सएप ग्रुप के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग में बड़ा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी हापुड़ से की, जिसके आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।004

### तीन जुलाई को जोड़ा गया था वॉट्सएप ग्रुप से

अभिषेक कुमार वर्तमान में मुंबई में तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक, तीन जुलाई 2024 को उन्हें आई.ई.एफ वेल्थ बिल्डर्स नामक एक वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप के एडमिन और सदस्यों ने अभिषेक को ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। शुरूआत में उन्होंने इस ग्रुप पर भरोसा करते हुए निवेश करना शुरू किया। ठगों ने धीरे-धीरे अभिषेक से कुल 24.25 लाख रुपये अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए। रकम प्राप्त करने के बाद ठगों ने वॉट्सएप ग्रुप डिलीट कर दिया। अभिषेक ने जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की, तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नजीर अली ने बताया कि ठगों के बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही दोषियों को पकड़ा जाएगा।

# नशे में खुद ही पकड़ लिया हाईटेंशन लाइन का तार, बुरी तरह झुलसा मजदूर

**मोदीनगर करंट क्राइम।** नशे की हालत में एक मजदूर ने खुद ही हाईटेंशन लाइन का तार पकड़ लिया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जंहा उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बिजली का तार पकड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा हैं। नगर की जगतपुरी कॉलोनी निवासी अमरजीत अपने परिवार सहित रहते हैं। उनके मकान के अगले हिस्से की और ग्यारह हजार की हाईटेंशन लाइन निकल रही है।

गुरुवार सुबह अमरजीत अपने मकान की छत पर टहल रहे थे। इसी बीच उनका हाथ हाईटेंशन तार से छू गया। देखते ही देखते शरीर में आग लगने शुरू हो गई। परिजनों ने शोर मचाया तो कॉलोनी के लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर लाइन बंद कराई। अमरजीत के तार पकड़ने का



वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि अमरजीत ने शराब पी रखी थी और बिजली का तार उन्होंने ही पकड़ा है।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पता चला है कि उस व्यक्ति ने खुद ही तार पकड़ा था। परिजनों ने बुरी तरह से झुलस जाने पर उसे सरकारी अस्ताल में भर्ती कराया है। जंहा उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### प्रॉपर्टी डीलर से दो लाख की रंगदारी मामले में जांच शुरू

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक प्रॉपर्टी डीलर से दो लाख रुपए की रंगदारी मांगें जाने व रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी दिये जाने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोदीपोन कॉलोनी निवासी श्याममोहन शर्मा प्रापर्टी डीलर है। उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने श्याम मोहन शर्मा से दो लाख रुपए की मांग की, ना देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। अज्ञात नम्बर से उनके पास 40 बार फोन किया गया। डर के चलते पीड़ित घर से बाहर नहीं निकले रहे हैं। इसके बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस उनके पास पहुंची। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### शिकायत करने पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पांच गिरफ्तार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मामूली कहासुनी को लेकर एक पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने को लेकर विवाद हो गया। शिकायत को लेकर आरोपी व शिकायतकर्ता पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षो के पांच लोगो को गिरफ्तार कर लिया हैं। मोदी पोन पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित हनुमानपुरी बस्ती निवासी साजन उर्फ हरेंद्र व राकेश के बीच कहासुनी के चलते गाली गलौच हो गई। जिस पर एक पक्ष ने इस बावत पुलिस से शिकायत कर दी। शिकायत को लेकर आरोपी व शिकायतकर्ता पक्ष के बीच जमकर विवाद हुआ ओर मारपीट हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के साजन व एक ही नाम के दो युवक आकाश व दूसरे पक्ष के राकेश व सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

### घर से घूमने निकला वृद्ध लापता

**मोदीनगर करंट क्राइम।** तीन दिन पहले एक वृद्ध व्यक्ति रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। पुरजिनों ने किसी अनहोनी की आशंका के चलते थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस वृद्ध की तलाश कर रही है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव औरंगाबाद फजलगढ़ से सोमवार की दोपहर गायब वृद्ध आजादवीर सिंह (76) घर से शास्त्री नगर हापुड़ रोड तक घूमते हुये देख गये। परिजनों ने बताया कि उसके बाद से उनका कोई सुराग नही लग पा रहा हैं। उम्र के दौर में उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नही हैं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी हैं।

### टैक्ट्रर ट्राली भिड़ने को लेकर हुआ विवाद, एक गिरफ्तार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गन्ने से भरी टैक्ट्रर ट्राली के आपस में भिड़ने को लेकर हुये विवाद में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं, वहीं दूसरी ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर हुई कहासुनी में दो लोगों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जनपद बदायूं के थाना सहसवान के लदपुरा गांव निवासी बिजेंद्र गन्ने से भरी टैक्ट्रर ट्राली लेकर मिल में गन्ना डालने का कार्य करता हैं। जब वह हापुड़ रोड पर मोदीपोन पुलिस चौकी के समीप पहुंचा तो उसकी टैक्ट्रर ट्राली टैक्ट्रर चालक जीतपाल से भिड़ गई। जिसे लेकर बिजेद्र ने जीतपाल को मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजेद्र को गिरफ्तार कर लिया हैं। वही गांव बिशोखर में आकाश व कौशल के बीच सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर विवाद हो गया। झगडा कर रहे दोनो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

### मामूली कहासुनी में दबंग ने किया व्यापारी पर जानलेवा हमला

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक व्यापारी के साथ हुई मामूली कहासुनी पर दबंग ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। सुभाष बिहार कालोनी निवासी मुकेश गुप्ता की घर के बाहर दुकान हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को जब वह दुकान पर बैठा था, तभी भोजपुर थानान्तर्गत गांव भड़जन निवासी आकाश से उसकी कहासुनी हो गयी। आरोपी आकाश ने भारी वस्तु से प्रहार कर उसके सिर व नाक पर चोट मार दी, जिससे वह घटना स्थल पर ही बेहोश होकर गिर पडा। ओर आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकला। पुलिस ने इस मामले में आरोपी आकाश पुत्र रामकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सीरिया के पलमायरा पर इस्राइली हमला 36 की मौत

## संघर्ष विराम पर हिजबुल्ला ने इस्राइल के पाले में डाली गेंद

**बेरूत ।** सीरिया के ऐतिहासिक शहर पलमायरा पर बुधवार को हुए इस्राइली हमले में 36 लोग को मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। समाचार एजेंसी सना ने कहा कि हमले से आसपास के क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचा है। पलमायरा ऐतिहासिक रोमन मंदिर परिसर के लिए जाना जाता है। समाचार एजेंसी के अनुसार इस्राइल अक्सर सीरिया में ईरान से जुड़े समूहों और सैन्य स्थलों को निशाना बनाता है, लेकिन वह कभी इसे स्वीकार नहीं करता है। दूसरी तरफ, इस्राइली सेना ने इस बारे में टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया है।



### गाजा में तत्काल युद्ध विराम की मांग के प्रस्ताव पर अमेरिका का वीटो

अमेरिका ने बुधवार को गाजा मे चल रहे युद्ध को तुरंत रोकने की मांग वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो कर दिया है। अमेरिका ने कहा कि प्रस्ताव में अक्तूबर 2023 में इस्राइल में हमास ने जिन नागरिकों को बंधक बनाए थे उन्हें तत्काल रिहा किए जाने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 15 सदस्यीय परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों की ओर से प्रायोजित प्रस्ताव के पक्ष में 14-1 से मतदान पड़ा, लेकिन अमेरिकी वीटो के कारण इसे अपनाया नहीं जा सका।

**हमने युद्धविराम प्रस्ताव की समीक्षा की, अब यह इस्राइल के हाथों में :** हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने कहा कि उनके समूह ने इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के बारे में समीक्षा की है, लेकिन अब यह इस्राइल पर निर्भर करेगा कि वह युद्ध विराम चाहता है कि नहीं।

बुधवार को प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में कासिम ने कहा कि वह अमेरिका की ओर से तैयार किए गए युद्धविराम प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं। हमने अपनी प्रतिक्रिया दे दी है।

कासिम ने कहा कि लेबनान में अमेरिकी राजदूत अमोस होचस्टीन लेबनानी अधिकारियों के साथ युद्धविराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इस्राइल जाएंगे। इस बैठक में दोनों पक्ष के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। अंतिम फैसला बैठक के बाद होगा।

# राष्ट्रपति इरफान अली ने पीएम मोदी की शासन शैली को सराहा, कहा- दुनियाभर के नेताओं के बीच चैंपियन हैं मोदी

**नई दिल्ली ।** गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे दुनियाभर के नेताओं के बीच चैंपियन हैं। उनका प्रभावशाली नेतृत्व और विकासशील देशों में योगदान उन्हें खास बनाता है। उन्होंने कहा कि मोदी की शासन शैली कमाल की है। गुयाना व अन्य देशों में इसकी प्रासंगिकता है और इसे अपनाया जाता है।

### पीएम मोदी का बहुत बहुत आभार- इरफान अली

गुयाना के राष्ट्रपति ने एक साझा बयान में कहा, पीएम मोदी का बहुत बहुत आभार। आपका यहां आना हमारे लिए सम्मान की बात है। आपने विकासशील दुनिया को रोशनी दिखाई है और आपने विकास के ऐसे मापदंड और ढांचे बनाए हैं जिन्हें कई लोग अपने देश में अपना रहे हैं।

इरफान अली ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को कैरीकॉम नेताओं से मिलवाने का सौभाग्य मिला। उनका यहां आना और बैठक में शामिल होना भारत और कैरीबियाई देशों के बीच साझा मूल्यों और आपसी प्रगति के दृष्टिकोण पर मजबूत होते रिश्तों को दर्शाता है।



**इरफान अली ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा पोस्ट :** पीएम मोदी के गुयाना दौरे को लेकर इरफान अली ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, कल शाम, मैंने भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय राजकीय दौरे के लिए गुयाना में स्वागत किया। शाम को जॉर्जटाउन के गुयाना मैरियट होटल में मुझे प्रधानमंत्री मोदी को कई कैरीकॉम नेताओं से मिलवाने का सौभाग्य मिला, जो दूसरे भारत-कैरीकॉम शिखर सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। इस बैठक ने भारत और कैरीबियाई देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को रेखांकित किया, जो साझा मूल्यों और आपसी प्रगति के लिए एक दृष्टिकोण पर आधारित है।

प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में जीवंत भारतीय प्रवासियों के सदस्यों से जुड़ने का अवसर भी मिला। हमारी ह्वन गुयानाह्व पहल के तहत एक सांस्कृतिक प्रदर्शन देखना बहुत ही सुखद था, जिसमें विविधता में एकता और हमारे देशों को जोड़ने वाले गहरे संबंधों का जश्न मनाया गया।

# भारत में 2050 तक होंगे 35 करोड़ बच्चे, अभी की तुलना में संख्या में आएगी 10.6 करोड़ की कमी

**न्यूयॉर्क ।** भारत में 2050 तक 35 करोड़ बच्चे होंगे और उनके कल्याण व अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए देश को जलवायु परिवर्तन के खतरे जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना होगा। यह बात संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अभी की तुलना में बच्चों की संख्या में 10.6 करोड़ की कमी आएगी, लेकिन फिर भी यह चीन, नाइजीरिया और पाकिस्तान के साथ वैश्विक बाल आबादी के 15 फीसदी का प्रतिनिधित्व करेगा। यूनिसेफ की स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2024 रिपोर्ट बुधवार को राजधानी दिल्ली में जारी की गई। इसका शीर्षक द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रन इन ए चेंजिंग वर्ल्ड है। इसमें तीन वैश्विक प्रवृत्तियों (जनसांख्यिकीय बदलाव, जलवायु संकट और अग्रणी प्रौद्योगिकियों) को रेखांकित किया गया है। यह रिपोर्ट यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे ने द एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट (टेरी) की सुरुचि



भड़वाल और यूनिसेफ यूथ एडवोकेट कार्तिक वर्मा के साथ जारी की गई है।

**जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर :** रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में करीब एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं। बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। भड़वाल ने जलवायु के संबंध में तत्काल कार्रवाई की जरूरत बताई और कहा, बच्चे जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

उन्हें बदलाव के सक्रिय प्रतिनिधि के तौर पर शामिल करके हम मिलकर इन चुनौतियों पर ध्यान दे सकते हैं। बच्चों को आठ गुना अधिक गर्मी का करना पड़ेगा सामना रिपोर्ट के मुताबिक, 2050 के दशक तक बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में करीब आठ गुना अधिक गर्मी के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।

# ब्रिटेन में रेलवे सेवा का फिर होगा राष्ट्रीयकरण

## निजी कंपनियों से छिनेगा संचालन, संसद में विधेयक पास

**लंदन ।** ब्रिटेन में अब रेलवे सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी एक बार फिर सरकार उठाएगी। संसद में लेबर पार्टी की तरफ से इससे जुड़ा एक विधेयक पेश किया गया था, जिसे बुधवार को ही मंजूरी दे दी गई। इस विधेयक में रेल सेवा के फिर से राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव रखा गया था।

बता दें कि ब्रिटेन में रेलवे सेवा के अधिकतर हिस्से को निजी स्तर पर संचालित किया जाता है। हालांकि, नए विधेयक के पास होने के बाद अब जैसे ही रेल संचालन के लिए निजी कंपनियों का अनुबंध खत्म होगा, वैसे ही उन कंपनियों से जुड़ी रेल सेवाएं सरकार के अंतर्गत आ जाएंगी।

नए कानून से जुड़े नियमों के मुताबिक, अगर निजी कंपनियों की तरफ से खराब प्रबंधन रखा जाता है तो अनुबंध खत्म होने से पहले ही रेल सेवा का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाएगा।



रेल यूनियन- टीएसएसए ने लेबर सरकार के इस कदम की सराहना की है और इसे बड़ा बदला बताया है। इससे पहले संसद में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों ने इस विधेयक में संशोधन की मांग की थी।

हालांकि, संसद में लेबर पार्टी को 213 वोट हासिल हुए, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी 210 वोट ही हासिल कर पाई।

**1990 के दौर में हुआ था रेलवे का निजीकरण**
**ब्रिटेन में रेलवे संचालन का निजीकरण 1990 के दौर में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री जॉन मेजर की सरकार के दौरान हुआ था**

टीएसएसए की महासचिव मरयम एस्लामदूस्ट ने कहा कि यह रेलवे को फिर से सार्वजनिक क्षेत्र में लाना बड़ा फैसला है। एक अहम सेवा के तौर पर इसका संचालन सरकारी क्षेत्र की ही जिम्मेदारी होना चाहिए।

### लेबर पार्टी ने किया था रेलवे के राष्ट्रीयकरण का वादा

इस साल जुलाई में हुए चुनाव में ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने जबरदस्त जीत हासिल की थी और 14 साल विपक्ष में रहने के बाद आखिरकार सरकार बनाई। कीएर स्टार्मर के नेतृत्व में पार्टी ने देश की संकटग्रस्त परिवहन सेवा को ठीक करने का वादा किया था। लेबर सरकार ने कहा था कि निजी संचालकों का मौजूदा अनुबंध 2027 तक खत्म हो जाएगा, इसलिए वह रेल संचालकों को मुआवजा राशि देने से बचेगी।

ब्रिटेन में रेलवे संचालन का निजीकरण 1990 के दौर में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री जॉन मेजर की सरकार के दौरान हुआ था।

# गूगल ने अपने कर्मचारियों पर लगाई रोक : रिपोर्ट

**वॉशिंगटन ।** दिग्गज तकनीकी कंपनी गूगल इन दिनों अमेरिका के अविश्वास कानून के चलते परेशानियों में घिरी हुई




है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गूगल भले ही दुनिया भर की जानकारी अपने पास जमा रखती है, लेकिन खुद उसने अपने कर्मचारियों के संचार पर कई पाबंदियां लगाई हुईं थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल ने अपने कर्मचारियों को अपने आंतरिक संचार के संदेश डिलीट करने और आंतरिक संचार के दौरान कुछ विशेष शब्दों के इस्तेमाल पर रोक लगाई हुई थी। कंपनी पर लगे हैं ये आरोप रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी साल 2008 से ही ऐसी रणनीतियां अपना रही है।

# पुतिन की धमकी के बाद भी यूक्रेन ने क्रूज मिसाइलों से किया रूस पर हमला बिगड़ सकते हैं हालात

**मॉस्को ।** रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूक्रेन ने रूस के भीतरी इलाकों में यूके की लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल स्टॉर्म शैडो का इस्तेमाल किया है।

गौरतलब है कि यूक्रेन द्वारा यूके की लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल ऐसे समय हुआ है, जब इसे लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही भड़के हुए हैं और उन्होंने पश्चिमी देशों को चेतावनी दी हुई है।

### रूस के भीतरी इलाकों में मिला मिसाइलों का मलबा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस द्वारा यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरियाई सैनिकों को तैनात करने के



जवाब में यूके ने भी अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की मंजूरी यूक्रेन को दे दी थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टॉर्म शैडो मिसाइल का मलबा रूस के कुर्स्क क्षेत्र में पाया गया है, जो यूक्रेन के उत्तर में स्थित है। वहीं यिस्क और दक्षिणी क्रसनोदर इलाके में एक बंदरगाह पर भी दो स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया गया है। अमेरिका ने भी यूक्रेन को रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दी

उल्लेखनीय है कि हाल ही में अमेरिका ने भी यूक्रेन को अपनी लंबी दूरी की एटीएसीएमएस मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। अमेरिका की इस मंजूरी के बाद यूक्रेन की सेना रूस के भीतरी इलाकों और सैन्य प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाने में सक्षम हो गई है, जिससे रूस यूक्रेन युद्ध का पूरा परिदृश्य ही बदल सकता है।

अब तक कमजोर लग रहे यूक्रेन का पलड़ा भारी हो सकता है। यही वजह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे लेकर चेतावनी दी थी और कहा था कि अगर उस पर बड़े पैमाने पर हमले हुए तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

इतना ही नहीं हाल ही में रूस ने अपनी परमाणु नीति में भी थोड़ा संशोधन किया है। इस संशोधन के तहत रूस पर बड़े हवाई हमले की स्थिति में रूस परमाणु हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है। रूस के इस कदम से पूरे यूरोपीय देशों में दहशत का माहौल है और यूरोप के कुछ देशों ने तो अपने नागरिकों को जरूरत का सामान इकट्ठा करने की सलाह दी है और साथ ही अपनी सेना को भी युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है।

# लॉरेन्स का भाई पोट्टावट्टामी काउंटी जेल में बंद, अनमोल बिश्नोई को यूएस में किया गया था गिरफ्तार

**वॉशिंगटन ।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। अनमोल राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी करने के मामले में वांछित था। वर्तमान में वह आइओवा की एक जेल में बंद है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन वेबसाइट पर एक हालिया अपडेट के



अनुसार, अनमोल बिश्नोई आइओवा के पोट्टावाटामी जेल में बंद है। हालांकि, इसके अलावा अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई।

### साबरमती जेल में बंद है लॉरेंस बिश्नोई

ऐसा माना जाता है कि लॉरेंस का छोटा भाई कनाडा में रहता है और अक्सर अमेरिका आता-जाता रहता था। लॉरेंस बिश्नोई पर जेल में रहने के बावजूद वैश्विक आपराधिक सिंडिकेट चलाने का आरोप है। वह फिलहाल अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है।

अनमोल पिछले महीने राकांपा के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या समेत कई आपराधिक मामलों में वांछित है। 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा वाले आवास के बाहर गोलीबारी के पीछे भी कथित तौर पर उसका हाथ है।

### भारत कर रहा अनमोल के प्रत्यर्पण की मांग

भारत ने अनमोल के प्रत्यर्पण की मांग की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में अनमोल की गिरफ्तारी के लिए जानकारी देने वालों को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। इस सप्ताह की शुरूआत में अमेरिका के विदेश विभाग ने अनमोल को निर्वासित करने की संभावना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह मामला होमलैंड सुरक्षा विभाग और फेडरल जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अंतर्गत है। 18 नवंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था, ₹होमलैंड सुरक्षा विभाग और एफबीआई ऐसी रिपोर्ट पर टिप्पणी करें तो अच्छा होगा, न कि विदेश विभाग।

उनके अंतर्गत आने वाले मामलों में मैं कोई टिप्पणी नहीं करने वाला हूं।₹ बता दें कि अनमोल के खिलाफ इस साल अप्रैल में लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। 2022 में एनआईए ने बिश्नोई भाइयों समेत नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज की थी।

# बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर तीन करोड़ डॉलर का जुर्माना

## लेकिन नए कानून पर उठे गंभीर सवाल

**कैनबरा ।** 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर पाबंदी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई सरकार खासी सख्त है। अब सरकार ने नया कानून संसद में पेश किया है, जिसके तहत अगर पाबंदी के बावजूद 16 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे तो सोशल मीडिया कंपनी पर तीन करोड़ डॉलर का भारी-भरकम जुमार्ना लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया उन देशों में शामिल हो गया है, जहां बच्चों के सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, टिकटॉक और इंस्टाग्राम आदि का इस्तेमाल करने पर रोक लग गई है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनी किस तरह से बच्चों के उनके प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने पर रोक लगाएंगी, यह अभी तक साफ नहीं है।

नए प्रस्तावित कानून में निजता संबंधी प्रावधान भी हैं, जिसमें सोशल



मीडिया कंपनियों को कोई भी उम्र संबंधी सत्यापन बंद करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों पर ऑस्ट्रेलियाई लोगों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर जुमार्ना बच्चों के माता-पिता पर नहीं बल्कि सोशल मीडिया कंपनियों पर लगाया जाएगा। इस तरह से नए कानून के तहत सारी जिम्मेदारी सोशल मीडिया कंपनियों पर डाली गई है।

### सरकार के फैसले पर उठ रहे सवाल

नए कानून में सोशल मीडिया मंच यूट्यूब और मैसेजिंग और वीडियो गेम एप को छूट मिल सकती है क्योंकि इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल शैक्षिक और मनोरंजन गतिविधियों के लिए भी करते हैं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंच साइबर बुलिंग, अवैध सामग्री के प्रचार और चुनाव में दखल जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।

सोशल मीडिया कंपनियों ने नए कानून को लेकर कहा कि वे इसका पालन करेंगी, लेकिन उन्होंने इस मामले में सरकार को जल्दबाजी और बिना खास परामर्श किए, सख्त कानून लाने को लेकर चेतावनी भी दी। कई विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया मंच पर पाबंदी से युवा अनियमित और गुप्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का रुख कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि दुनिया के कई देश बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच को सीमित कर रहे हैं।

**माता-पिता पर नहीं बल्कि कंपनियों पर होगी सारी जिम्मेदारी**

हालांकि ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनी किस तरह से बच्चों के उनके प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने पर रोक लगाएंगी, यह अभी तक साफ नहीं है। नए प्रस्तावित कानून में निजता संबंधी प्रावधान भी हैं, जिसमें सोशल मीडिया कंपनियों को कोई भी उम्र संबंधी सत्यापन बंद करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों पर ऑस्ट्रेलियाई लोगों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर जुमार्ना बच्चों के माता-पिता पर नहीं बल्कि सोशल मीडिया कंपनियों पर लगाया जाएगा

# खत्म हुई इमरान खान की उम्मीद, एक मामले में जमानत दूसरे में हुए गिरफ्तार

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए जेल से रिहाई की उम्मीदें उस वक्त खत्म हो गईं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत मिलने के कुछ घंटे बाद ही एक नए मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। खान बीते एक साल से ज्यादा समय से



रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।एक मामले में मिली जमानत तो दूसरे में गिरफ्तार हुए इमरान इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को इमरान खान को तोशाखाना मामले में जमानत दी थी, जिसमें उन्हें महंगे बुल्गारी ज्वैलरी सेट को बहुत सस्ते दाम पर खरीदने का आरोप था।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में 'निपुण कार्यशाला' की बैठक आयोजित

## विभिन्न तरीकों से कार्य को सकुशल सम्पन्न कराना, आपकी कर्त्तव्यनिष्ठा : जिलाधिकारी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में "निपुण कार्यशाला" का शुभारम्भ जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया।

ओ. पी. यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को 'मिशन मोड' पर दृढ निश्चय के साथ काम करने के लिए निर्देश दिया और प्रतिभागियों से आगामी एनएटी और एनएएस परीक्षा के विषय में कुछ जानकारी साझा की। उन्होंने सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया। कार्यशाला में मंच संचालन एसआरजी पूनम शर्मा, श्री देवनकुर, जिला समन्यवक अरविंद कुमार, रुचि त्यागी, राकेश एवं डायट मेन्टर पिंटू द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से डायट वरिष्ठ प्रवक्ता शाहीन, निपुण सेल की टीम, जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डायट मेन्टर एआरपी, एसआरजी, जिला समान्यवक मौजूद थे।



### एआरपी, एसआरजी, बीईओएस ने सराहनीय काम किया : अभिनव गोपाल



**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने 'सहयोगात्मक पर्यवेक्षण' को प्रभावशाली बनाने के लिए एआरपीएस द्वारा उचित फीडबैक और मार्गदर्शन देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनपद में एआरपी, एसआरजी, बीईओ'एस ने मिलकर जनपद में सराहनीय काम किया है। उन्होंने एआरपी'एस का प्रोत्साहन किया और निपुण के अंदर ज़िले की प्रगति को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही साथ उन्होंने विभाग को एनएटी और एनएएस परीक्षा से सम्बंधित तैयारियां और परिणाम पर ध्यान देने और सुचारु रूप से परीक्षा कराने का निर्देश दिया।

### अध्यापक की जिम्मेदारी है निपुण छात्र व निपुण विद्यालय बनाना : इन्द्र विक्रम सिंह



**करंट क्राइम।** अध्यापक छात्रों को देखें और समझें कि छात्र की रुचि किस प्रकार की है और तब आप उसे समझायेंगे तो वह जरूर समझेगा और तब आपका वह कमजोर विद्यार्थी निपुण विद्यार्थी बनेगा। आपके द्वारा विभिन्न तरीकों से छात्रों को निपुण बनाया जाना ही आपकी कर्त्तव्यनिष्ठा है। अध्यापक की जिम्मेदारी है कि वे अपने शिष्यों सहित विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

### किसी भी कार्य को करने के लिए कार्य के प्रति उत्साह और रुचि आवश्यक : डीएम

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बैठक में उपस्थित गणमान्यों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए उसके प्रति उत्साह और रुचि होना आवश्यक है। इसलिए सभी अध्यापक बच्चों को पढ़ाने के लिए अपने अन्दर उत्साह, जोश और रुचि लायें। जिससे आपके अन्दर बच्चों को भिन्न—भिन्न तरीकों से पढ़ाने के नये-नये तरीकों का सर्जन होगा। तभी आप लोग समझ पायेंगे की कमजोर या देर से समझने वाला या ना समझ पाने वाले विद्यार्थियों को कैसे पढ़ाया जाये। जब आप समझ जायेंगे कि किसी छात्र को किसी विधि से पढ़ाना है तो हर एक छात्र निपुण छात्र व हर एक विद्यालय निपुण विद्यालय होगा।

# पुलिस के चुनावी फूड पैकेट की भी फोटो हुई वायरल

## किसी ने दिखाई क्वालिटी तो कही दिखी क्वांटिटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव था। उपचुनाव में बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती थी।

प्रत्येक थानाक्षेत्र में पुलिस की ओर से ड्यूटी निभाने वाले स्टाफ को चुनावी फूड पैक की व्यवस्था कराई गई थी। फूड पैक जब पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को वितरित किए गए, तो उनकी फोटो सोशल मीडिया पर भी साझा हुई है। किसी ने अपने फूड पैक की क्वालिटी को बेस्ट बताया, तो किसी ने अपने फूड की क्वांटिटी को दशार्या। अलग-अलग थानाक्षेत्र में पुलिस को क्वालिटी फूड वितरित किए गए थे।

कहीं राइस, पूड़ी, पनीर की सब्जी, रसगुल्ला और दालमखनी वितरित की गई। तो कहीं पूड़ी आलू की सब्जी, रायता और मिठाई थी। कहीं खाने के साथ पानी की बोतल दी गई, तो कहीं नाश्ते के रूप में सैंडविच व नमकीन वितरित की गई।

# इंदिरापुरम में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार





### विलंब ना हो, इंदिरापुरम के कार्यों की टेंडर प्रक्रिया कराएं पूर्ण : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित टीम को इंदिरापुरम के क्षेत्र में विकास कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए तथा टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया। बताया गया कि हाउस टैक्स कलेक्शन के लिए इंदिरापुरम शहरवासियों का चल रहा डाटा कलेक्शन, 38000 भवन शेष।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम के विकास कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ अनुज, महाप्रबंधक जल विजयनारायण मौर्य, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, मुख्य अभियंता निर्माण एन. के. चौधरी व अन्य टीम उपस्थित रही।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को इंदिरापुरम की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कहा गया तथा उपकरणों के माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे कार्यों को इंदिरापुरम में भी अभियान के रूप में करने के लिए कहा गया। निर्माण, जलकल, उद्यान तथा अन्य को नगर आयुक्त द्वारा 15 दिन के भीतर समस्त टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने की निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की घोषणा

## प्रार्थना पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 नवंबर तक बढ़ाई : डा.अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में और भारतवर्ष के कुछ अन्य राज्यों में 20 नवंबर 2024 को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को पत्र लिखकर निवेदन किया था कि 20 नवंबर को चुनाव होने वाले जनपदों में संस्थान, बैंक इत्यादि को बंद एवं अवकाश की घोषणा की गई है इसलिए 20 नवंबर की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए। उसी क्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने अब अंतिम तिथि 23 नवंबर 2024 तक कर दी है जिसके लिए सभी संस्थानों की ओर से अध्यापकों और छात्रों की ओर से डॉ.अतुल कुमार जैन ने अखिल भारतीय तकनीकी परिषद के अध्यक्ष और सदस्य सचिव का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने बच्चों को सर्दी किट वितरित की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, गाजियाबाद की ओर से बुधवार को स्पर्श सोसाइटी स्कूल, वैशाली, गाजियाबाद में निम्न और निर्धन परिवारों के पढ़ने वाले 35 छोटे छोटे बच्चों को स्कूल की गर्म ड्रेस के रूप में स्वेटर, पैंट, जुराब एवं कैप का वितरण किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. रैना ने आश्वस्त किया कि भविष्य में यदि उन्हें किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता हो तो समिति इसके लिए हमेशा तैयार है। स्कूल प्रबंधन ने समिति के इस प्रकार के आयोजन करने के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति की ओर से डॉ. जेएल रैना, आरके गुप्ता, वीपी रस्तोगी, रमेश अरोड़ा, एल डी शर्मा, वी के शर्मा, वी पी सिंह एवं आर एन सक्सेना व स्कूल की ओर से डॉ. सचिन भार्गव एवं शालिनी सक्सेना आदि शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में आई. ई. ई. ई. द्वारा आयोजित 'एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग' (एईसीई-2024) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22-23 नवंबर 2024 को किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरके यादव एवं डॉ. अमित सिंघल ने बताया कि इस संगोष्ठी के लिए 1035 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से संगोष्ठी में 265 शोध पत्रों को प्रस्तुत किया जाएगा। चयनित शोध पत्र आई. ई. ई. ई. एक्सप्लोर में प्रकाशित होंगे। इस संगोष्ठी के लिए इंडोनेशिया, सऊदी अरब, फिलीपीन्स, उज्बेकिस्तान, टर्की, सिंगापुर, मलेशिया, तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित लोग व्याख्यान देंगे। संगोष्ठी में विभिन्न देशों की प्रतिष्ठित संस्थानों के आमंत्रित वक्त भी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की प्रेसवार्ता में संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा, डीन ई आई आई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच जी गर्ग, संयोजक डॉ आर के यादव (डीन एकेडमिक) एवं डॉ अमित सिंघल (एचओडी, सीएसई), डॉ विपुल गोयल (हेड एच आर) मौजूद रहे।

# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शहर की हरियाली पर विशेष ध्यान दे रहा नगर निगम

## सड़कों के साथ-साथ पेड़-पौधों का भी धूल मुक्त होना बहुत जरूरी : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जहां गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले मुख्य तथा आंतरिक मार्गों में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए अभियान के रूप में कार्य चल रहा है वहीं उद्यान विभाग द्वारा भी विशेष कार्यवाही की जा रही है जिसमें नियमित पांचों जोन के अंतर्गत सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट, चोराहों तथा पार्कों में लगे हुए पेड़ पौधों की सिंचाई के साथ-साथ पेड़ पौधों पर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है जिससे आसपास के क्षेत्र में हरियाली बरकरार रहे तथा पौधों के सही रखरखाव के कार्य से पर्यावरण की शुद्धता में वृद्धि हो कार्यवाही की जा रही है।

### पेड़ पौधों पर नियमित पानी का छिड़काव कर रहा उद्यान

डॉ. अनुज प्रभारी उद्यान द्वारा बताया गया नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार मुख्य मार्ग में लगे हुए सेंट्रल वर्ज पर प्रातः तथा सायं काल में पेड़ पौधों की सिंचाई के साथ-साथ पेड़ पौधों को धोने का कार्य भी कराया जा रहा है। उन पर लगी धूल को हटाया जा रहा है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सड़कों के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम पेड़ पौधों पर पानी का छिड़काव कर रहा है। पेड़ पौधों से धूल हटाकर उनको धूल मुक्त बना रहा है जिससे पर्यावरण में सुधार हो प्रयास किया जा रहा है, वसुंधरा कवि नगर विजय नगर मोहन नगर तथा सिटी जोन अंतर्गत अभियान के रूप में पेड़ों को धूल मुक्त करने का कार्य चल रहा है। उद्यान विभाग द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगे हुए पेड़ पौधों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक मार्गों में भी लगे हुए पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसी क्रम में देखने में आ रहा है जन सहयोग भी निगम को मिल रहा है जिसमें घरों में लगे हुए पेड़ पौधों की



सिंचाई के साथ-साथ धुलाई का कार्य शहर निवासी कर रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा भी शहरवासियों से लगातार पेड़ पौधों पर लगी हुई धूल को हटाने के लिए अपील की जा रही है।

# नेहनीड़ फाउंडेशन ने किया हनुमत कथा का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहनीड़ फाउंडेशन द्वारा संचालित अभावग्रस्त बच्चों की शिक्षा सहायतार्थ सनातन धर्म मन्दिर गोल्फलिंक लेंडक्राफ्ट में चल रही हनुमत कथा में गुरुवार को हनुमान जी के जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने हनुमत कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान शिव के अंश है इसलिए उनके जीवन में हमे शिव के समान सरलता, सहजता व सजगता (क्रोध) तीनों दिखाई देते हैं। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि भगवान श्री राम अपनी जननी जन्मभूमि और अपने धाम के लोगों को बहुत प्यार करते हैं और हमें संदेश देते हैं कि हमें भी अपने गांव को तीर्थ समझना चाहिए। कथा में नेहनीड़ के बच्चों ने भजन के साथ योग का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कथा में गुरुवार के यजमान अरविन्द सोलंकी एवं प्रदीप राघव रहे। पंडित गणेश रतूड़ी ने कथा का पूजन करवाया व अन्य लोगों में विजय गोयल, रजनीश, मनोज, सत्येंद्र चौधरी, भावना बिष्ट, रजनी परासर, मीना जोशी, सीमा कुलश्रेष्ठ, पुष्पा मिश्रा, मीनाक्षी कौशिकप्रीति अग्रवाल, ज्योति और रेखा, आशियाना उपस्थित रहे।

# मॉल की तीसरी मंजिल से गिरा बच्चा: दुकान में लगी कैनोपी ने बचाई जान; माता-पिता सही सलामत ले गए

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली स्थित महागुन मॉल में एक बड़ा हादसा टल गया। एक्सीलेटर पर चलते समय 11 महीने का बच्चा छिटककर नीचे गिर गया, लेकिन गनीमत रही कि फर्स्ट फ्लोर के ऊपर लगी कैनोपी ने उसकी जान बचा ली। बच्चा सुरक्षित है और उसे किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई।

मॉल के जीएम (वर्किंग) रवीश त्यागी ने बताया कि एक दंपति अपने 11 महीने के बच्चे के साथ मॉल आया था। पीवीआर की ओर जाते समय वे एक्सीलेटर का उपयोग कर रहे थे। अचानक बच्चा छिटक कर नीचे गिर गया। फर्स्ट फ्लोर के ऊपर लगी कैनोपी पर गिरने से उसकी जान बच गई।



### पुलिस का बयान

इस घटना पर एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि, बच्चे के माता-पिता ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मॉल का मुआयना किया। यदि कोई शिकायत आती है, तो उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद बच्चे के माता-पिता ने राहत की सांस ली और बच्चे को लेकर वहां से चले गए।

### कैनोपी पर गिरी 'भारी चीज' की आवाज

जिस दुकान के ऊपर कैनोपी लगी थी, उसके मालिक मोहम्मद अबू सलाम ने बताया, अचानक छत पर किसी भारी चीज के गिरने की आवाज आई। जब मैंने ऊपर देखा, तो एक बच्चा कैनोपी पर पड़ा था। वह पूरी तरह सुरक्षित था। यह हादसा मॉल में सुरक्षा उपायों और माता-पिता की सतर्कता की कमी को उजागर करता है। एक्सीलेटर जैसे स्थानों पर छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# भाजपा परिवार ने अपुलेंट मॉल पीवीआर सिनेमा में देखी साबरमती फिल्म

## भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान रहे मौजूद






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान के नेतृत्व में एडीएम गंभीर, डीआईओ योगेंद्र प्रताप की अगुवाई में भाजपा परिवार के साथ अपुलेंट मॉल पीवीआर सिनेमा में साबरमती फिल्म देखने पहुंचे। साबरमती फिल्म के दौरान रूबरू होने के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, महापौर सुनीता दयाल, महामंत्री सुशील गौतम, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, बालकृष्ण गुप्ता, अशोक भारतीय, महिमा गुप्ता, भीम




शर्मा, पार्षद पप्पू नागर, ओम दत्त कौशिक, मनोज गिरी, प्रतीक माथुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण महानगर पदाधिकारी मोर्चे प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष आदि प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये दिन ये तारीख ये पल बेहद खास है आशुतोष और प्रियंका के लिए। 5 साल पहले शुरू हुआ ये सफर जिंदगी का सबसे खूबसूरत सफर है। परिवार के मुखिया समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता के लिए परिवार की खुशी सबसे बड़ी है। ये एक संदेश है रिश्तों का ये एक संदेश है स्नेह के धागों का। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।